दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 341 जयपुर, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 341 | जयपुर, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



वोट हम उसको देंगे जिसने सुख दुख में हमारा साथ दिया

कांग्रेस फिर से!

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने केकड़ी में की जनसभा, भाजपा को लिया निशाने पर

## राजस्थान में बीजेपी हिट विकेट, सीएम फेस तक तय नहीं: प्रियंका

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में चुनावी महौल पूरे परवान पर है। राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने अजमेर के केकड़ी में जनसभा की। इस दौरान प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हाल ही में मोदी जी ने कांग्रेस के लिए कहा- कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को रन आउट करने में लगे हैं, लेकिन इनकी पार्टी तो खुद ही हिट विकेट है राजस्थान में। इनकी पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई है। ये दूरबीन से पूरे राजस्थान में ढूंढ रहे हैं कि हमारा नेता कौन बन सकता है? उन्होंने कहा कि 10 साल से मध्य प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। इसके बाद भी भाजपा के नेता केवल धर्म-जाति के नाम पर वोट मांग रहे हैं। मैंने जब गहलोत जी से पूछा कि राजस्थान में कितने रोजगार दिलवाए हैं? तो उन्होंने कहा कि दो लाख दिलवाएं हैं और एक लाख प्रोसेस में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ किया है। वहीं भाजपा ने किसी भी प्रदेश में किसानों का क्या कर्ज माफ नहीं किया और काले कानून और लागू कर दिए।



### भाजपा का काम उद्योगपतियों को सींचना

प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा का काम जनता से खींचना और बड़े उद्योगपतियों को सींचना। देश का किसान एक दिन में 27 रुपए कमाता है और अडानी 16 हजार करोड़ रुपए कमा रहे हैं। देश की सारी संपत्ति इन्होंने उद्योगपतियों को दे दी है। सरकारी कर्मचारी रो रहा है, कह रहा है कि हमारी पुरानी पेंशन वापस दे दो। प्रदेश में पिछले पांच सालों में केंद्र सरकार इतनी महंगाई बढ़ा रही है कि राहत के कैंप लगाने पड़ रहे हैं। कांग्रेस राजस्थान में 500 रुपए में सिलेंडर दे रही है, महिलाओं को निशुल्क शिक्षा, रोडवेज में किराए में आधी छूट भी मिल रही है ।

### काम के आधार पर दें वोट

प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के ज्यादातर नेता धर्म एवं जाति की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि अब मतदाताओं को सोचना पड़ेगा कि धर्म की बात, जाति की बात चुनाव के समय क्यों होती है? जो नेता चुनाव के समय यह बात कर रहा है और कह रहा है कि धर्म या जाति के आधार पर वोट दो, तो इसका मतलब है कि वह काम के आधार पर वोट नहीं मांग सकता। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा की सरकार है वहां उनके नेता सोचते हैं कि उन्हें काम करने की कोई जरूरत नहीं क्योंकि वे काम के आधार पर वोट मांगने नहीं आते। वे तो धर्म के आधार पर वोट मांगने आते है। यह भाजपा के नेताओं की आदत बन गई है। उन्होंने लोगों से जागरूकता के साथ और सरकार के काम के आधार पर मतदान करने की अपील की।

## जरूरी खबर

### भारतीय ट्राइबल पार्टी का घोषणा पत्र जारी




**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव के 5 दिन रह गए हैं। इस बीच भारतीय ट्राइबल पार्टी ने भी अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इन घोषणाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए युवाओं को निशुल्क कोचिंग और निशुल्क पुस्तक, सोलर पॉवर इंटरनेट स्कूल, लघु उद्योग खोलेंगे, किसानों को ऊर्जा डाटा बनाना, जैविक खाद बनाना, किसानों की आय दोगुनी करना, स्कूल के बच्चों के लिए टेबल कुर्सी, प्रशिक्षण केंद्र खोलना जैसे वादे शामिल हैं।

### पीएम का 3 दिसंबर को टूटेगा भ्रम, कांग्रेस होगी रिपीट

**जयपुर।** मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने प्रदेश दौरे पर आए भाजपा के दिग्गज नेताओं पर पटलवार किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी वाकई में सच्चाई जानना चाहते हैं तो प्रदेश की जनता के बीच जाएं, जहां लोगों के बीच सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की लहर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ये भ्रम 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के साथ ही जरूर टूटेगा।

भाजपा-कांग्रेस के स्टार प्रचारक आमने-सामने

## कांग्रेस योजनाओं के तो बीजेपी हिन्दुत्व के सहारे

*बेधड़क . जयपुर । विधानसभा चुनाव 25 नवंबर को होना है। ऐसे में केवल दो दिन ही बचे हैं खुलकर प्रचार करने के लिए। 23 तारीख को शाम 5 बजे प्रचार का शोर थम जाएगा। विधानसभा चुनाव लड़ रहें प्रत्याशी अपनी-अपनी अप्रतियों के स्टार प्रचारकों को क्षेत्र में लेकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच भाजपा कांग्रेस के नेता एक दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। भाजपा चुनाव में जीत के लिए हिन्दुत्व का सहारा ले रही है तो कांग्रेस सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों के दम पर मैदान में डटी है। सोमवार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आमेर, लालसोट विधान सभा में सभाएं की। वहीं कांग्रेस के स्टार प्रचारक और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने चाकसू में जनसभा को सम्बोधित किया। दोनों नेताओं ने एक दूसरे के बयानों पर पलटवार किया। दोनों नेताओं के भाषण में सबसे ज्यादा हिन्दू-मुसलमान, राम-कृष्ण, अपराध, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दे हावी रहे।*

### रामनवमी पर कर्फ्यू लगाती है कांग्रेस सरकार: सीएम योगी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में कांग्रेस शासन के दौरान पिछले पांच साल में कोई विकास नहीं हुआ। योगी ने जयपुर के आमेर निर्वाचन क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, जहां राजस्थान सरकार रामनवमी पर कर्फ्यू लागू करती है, वहीं उत्तर प्रदेश में चार करोड़ लोगों की शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा बिना किसी व्यवधान के जारी रहती है। उन्होंने अपराध, गौ तस्करी, साइबर अपराध, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान पिछले पांच वर्षों में राज्य में कोई विकास नहीं हुआ। योगी ने लालसोट में भी चुनावी रैली को संबोधित किया और कहा कि पिछले पांच वर्षों में राजस्थान को बहुत नुकसान हुआ है। योगी ने कहा, 'आखिर पांच वर्ष में ऐसा क्या हो गया कि कांग्रेस राज में राजस्थान विकास, पर्यटन, रोजगार देने में, किसानों की खुशहाली में नंबर एक पर नहीं है, अब राजस्थान अपराध में नंबर एक पर होता है, अराजकता, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, गोकशी, महिला संबंधी अपराध और साइबर अपराध में नंबर एक है।'

### विभाजन की राजनीति करती है भाजपा: सचिन पायलट



पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट सोमवार को चाकसू के दौरे पर रहे। पायलट ने कांग्रेस प्रत्याशी वेदप्रकाश सोलंकी के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ने स्थानीय लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। पायलट ने केंद्र सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ विभाजन की राजनीति करती है। लोगों को धर्म के नाम पर बांटती है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले डबल इंजन की सरकार की बात करते हैं, ये लोग हिमाचल प्रदेश के चुनाव में गए थे, एक इंजन सीज हो गया। इसी प्रकार कर्नाटक में भी एक इंजन सीज हो चुका है। इस दौरान पायलट ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रिपीट होने का दावा भी किया। पायलट ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वेदप्रकाश सोलंकी इरादों के पक्के हैं और विकास के कार्यों में जनता के प्रति हमेशा समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि अगर सोलंकी जनता से किए वादों पर खरा नहीं उतरते है तो पायलट बैठा है।

भाजपा की गारंटी केवल चुनावी जुमले

## राजस्थान में योजनाओं के दम रिपीट होगी सरकार: कन्हैया

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस नेता और एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार करने आते हैं तो उनका फेवरेट सब्जेक्ट विभाजन, नफरत, जातिवाद, धर्म, दंगे होते हैं, लेकिन राजस्थान एक मॉडल स्टेट है। इसके कारण यहां पर आकर उनको अपने फेवरेट सब्जेक्ट को छोड़कर योजनाओं की बात करनी पड़ रही है। उन्होंने सोमवार को पीसीसी में कहा कि राजस्थान में योजनाओं के दम पर कांग्रेस सराकर रिपीट होगी। भाजपा आज चुनाव के वक्त जो गारंटी दे रही है, यदि वह वास्तव में जनता के पक्ष की होती तो वह उस गारंटी को बहुत पहले पूरा कर सकती थी। आज भी वह उसे लागू करके अपनी सच्चाई साबित कर सकती है। भाजपा केवल चुनावी जुमले के तौर पर गारंटी दे रही है।



### दुष्कर्म मामले में दुष्प्रचार कर रही है भाजपा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा संगठन राजस्थान सरकार की उपलब्धियों से बौखलाई हुई है और मजबूरन दुष्प्रचार कर रही है। जबकि आज आवश्यकता यह है कि भाजपा अपने गिरेबा में झांक कर देखे। भाजपा चुनाव के दौरान महिला सुरक्षा की बात करती है जो केवल झूठ और दिखावटी चेहरा है।

### दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही कांग्रेस

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करने वाली कांग्रेस को जवाब देने का समय आ गया है। पात्रा ने लाडनूं में 15 वर्षीय एक लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि आरोपियों की कार के पीछे कांग्रेस प्रत्याशी का स्टीकर लगा हुआ था। कांग्रेस शासन में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी ने की गोमाता की सेवा

## जनसंपर्क के बीच भारद्वाज ने जनता से मांगा आशीर्वाद



बेधड़क | जयपुर

सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज ने सोमवार को विधानसभा के विभिन्न हिस्सों में सिंधी समाज के साथ गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया। उन्होंने विधि-विधान से गो माता की पूजा की। उन्होंने माता को हरा चारा, गुड़ और चने की दाल खिलाई।

उन्होंने गो माता से लोगों की खुशहाली की कामना की। साथ ही उन्होंने गो माता से जीत का आशीर्वाद भी मांगा। इसके अलावा भारद्वाज ने वार्ड 71 और वार्ड 73 में जनसंवाद किया और कार्यालयों का उद्घाटन किया। इस दौरान व्यापारियों ने माल-साफा पहनाकर पुष्पेंद्र भारद्वाज का स्वागत किया। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि मैंने पिछले 5 साल में सभी वर्गों के लिए विभिन्न विकास के कार्य किए। इसके बाद भारद्वाज ने वार्ड 74 में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में शिरकत की। यहां पर सभी लोगों ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ जमकर स्वागत किया। भारद्वाज ने स्वागत के लिए सभी का आभार जताया। उन्होंने सभी से हाथ जोड़कर कहा, आप सभी लोग मुझे काफी समय से जानते हैं।

मैंने आपकी किसी भी काम के लिए कोई झूठा वादा नहीं किया। हारने के बाद भी मैंने अपना पूरा घोषणा पत्र लागू किया। विकास कार्य कराने में कभी पक्षपात नहीं किया। इसलिए आप भी इस बार बिना पक्षपात के सिर्फ विकास की मुद्दे पर ही वोट दें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपका यह वोट सांगानेर में विकास की नई परिभाषा गढ़ेगा।

25 नवंबर से पहले 2.50 लाख मतदाताओं ने किया मतदान

## 60 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने की होम वोटिंग

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर से पहले ही प्रदेश के करीब 2.50 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके है। इसमें 60 हजार 424 बुजुर्ग और दिव्यांग, 1 लाख 83 हजार 467 मतदान कार्मिक एवं 18 आवश्यक सेवाओं से जुड़े मतदाता शामिल हैं।

होम वोटिंग के प्रथम चरण में प्रदेश भर में इन श्रेणियों के 60 हजार 424 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। होम वोटिंग के दौरान अब तक कुल 1220 मतदाता ऐसे रहे, जो विशेष मतदान दलों की विजिट के दौरान घर पर अनुपस्थित रहे। 884 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। प्रथम चरण में 96.64 प्रतिशत बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग की है। इनमें 96.49 प्रतिशत बुजुर्ग एवं 97.56 प्रतिशत दिव्यांगजनों ने वोटिंग की है। ऐसे मतदाता जो होम वोटिंग के पहले चरण के दौरान घर पर अनुपस्थित थे, उनके लिए 20 और 21 नवंबर को विशेष मतदान दल दूसरी बार विजिट करेंगे।



### एक लाख से ज्यादा ने डाले वोट

विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक 1 लाख 83 हजार 467 मत डाले गए। सोमवार को 45 हजार 872 मतदान कार्मिकों ने वोट डाले। आवश्यक सेवाओं से जुडे 1218 मतदाताओं ने भी मतदान किया। प्रदेश में आवश्यक सेवाओं के लिए कुल 6691 पोस्टल बैलेट जारी किए गए हैं। इसमें डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस कर्मचारी, ऊर्जा विभाग में इलेक्ट्रिशियन, लाइन मैन, पीएचईडी में पम्प ऑपरेटर, टर्नर, दुग्ध समितियों में काम करने वाले कर्मचारी, रोडवेज में ड्राइवर-कंडक्टर और निर्वाचन आयोग से अधिकृत मीडिया कर्मचारियों को इस साल से पोस्टल बैलेट के जरिए वोटिंग की सुविधा दी जा रही है।

### मतदाताओं को कर रहे मतदान के लिए प्रेरित

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण किया जा रहा है। बगरू विधानसभा क्षेत्र में रिटर्निंग अधिकारी अनुराधा गोगिया ने स्वयं क्षेत्र में मतदाताओं से संवाद करते हुए वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप का वितरण करवाया। साथ ही नव मतदाताओं को ई-ईपिक का भी वितरण किया गया। उन्होंने मतदाताओं को फर्स्ट टाइम वोटर को मिलने वाले प्रमाण पत्र एवं सेल्फी कॉन्टेस्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

### 7 हजार से ज्यादा लोगों ने ली ई-शपथ

आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार से ई-शपथ अभियान का आगाज हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि आमजन जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर की अधिकृत वेबसाइट www.deojaipur.in पर जाकर मतदान के लिए ई-शपथ ले सकते हैं। अभियान के तहत पहले ही दिन 7 हजार से ज्यादा लोगों ने मतदान के लिए ई-शपथ ली।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 341 जयपुर, मंगलवार, 21 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


विधानसभा चुनाव 2023

काउंटडाउन 05 दिन शेष




हर गारंटी की पूरी होने की गारंटी
मोदी की गारंटी

₹450 में गैस सिलेंडर
पेट्रोल-डीजल सस्ता करेंगे

जन-जन की पुकार, आ रही है भाजपा सरकार
भाजपा, राजस्थान
कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं

प्रधानमंत्री मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें


**चुनावी समर:** मोदी ने प्रदेश की दो सभाएं व रोड शो... कांग्रेस अध्यक्ष और सीएम गहलोत ने कसे तंज

# कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं: पीएम मोदी

**बेधड़क** | हनुमानगढ़/पाली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान में दो जगह जनसभाओं में कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जलजीवन मिशन में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीबों को लूटने वाले सलाखों के पीछे होंगे।

उन्होंने हनुमानगढ़ के पीलीबंगा की सभा में स्थानीय मुद्दों को उठाते हुए कहा कि बीजेपी की सरकार बनने पर तस्करों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बॉर्डर के नजदीकी गांव भी विकसित होंगे। हम इन्हें देश के पहले गांव के रूप में विकसित कर रहे हैं। इसके लिए वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की है। इससे हमारे बॉर्डर वाले गांव सुविधाएं और तेजी से पहुंचेंगी। पर्यटन भी बढ़ेगा। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनानी है। यहां उन्होंने नारा दिया... कमल चुनेगा राजस्थान। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से वाक्य बुलवाया, 'विकसित देश खुशहाल किसान, पेपर माफिया की बंद हो दुकान।' 'भ्रष्टाचार का काम तमाम, नशामुक्त भारत बने हमारी पहचान। बहन बेटियों का होगा सम्मान।'

पीलीबंगा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पाली के निकट जाडन गांव में जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ नहीं है और वह दलितों के खिलाफ अत्याचार करने वालों को देखकर आंखों पर पट्टी बांध लेती है।



### विकास को अहम माने वो सरकार बने

मोदी ने कहा कि आज पूरा देश विकसित होने का लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत कर रहा है। भारत 21वीं सदी में जिस ऊंचाई पर होगा, उसमें राजस्थान की भूमिका बहुत बड़ी होगी। यहां ऐसी सरकार बने, जो विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

### दलित अत्याचार पर कांग्रेस ने मूंदी आंखें

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि दलितों पर अत्याचारियों को देख कांग्रेस आंखों पर पट्टी बांध लेती है। यहां पांच वर्ष तक दलितों के साथ हुए अत्याचार पर कांग्रेस ने यही किया। कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण और उनकी सुरक्षा नहीं कर सकती।

# 'हमने जो वादे किए, निभाए और 7 गारंटियां भी करेंगे पूरी: खरगे

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में उनकी पार्टी ने जो चुनावी वादे किए हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। खरगे ने अनूपगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो वादे किए हैं, उन्हें हम निभाएंगे, उन्हें पूरा करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस की प्रदेश में सात गारंटियों की घोषणा करते हुए कहा है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी। इन सात गारंटियों में परिवार की महिला मुखिया को 10,000 रुपए की वार्षिक सम्मान राशि देना, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देना, पशुपालकों से दो रुपए प्रति किलो की दर से गोबर की खरीद, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का कानून बनाना, सरकारी कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को टैबलेट या लैपटॉप देना, प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रति परिवार 15 लाख रुपए तक का बीमा कवर शामिल है।



### पीएम के रोड शो पर किया कटाक्ष

पीएम के प्रस्तावित रोड शो के बारे में गहलोत ने कहा, 'यह सब दिखावा है। कई राज्यों में रोड शो कर चुके हैं। हिमाचल व कर्नाटक में मात खा गए। बजरंग बली, बजरंग बली बोले थे, बजरंगबली ने ही उन्हें अस्वीकार कर दिया कि आप मेरे नाम का दुरुपयोग क्यों कर रहे हो।'

### BJP वालों की भाषा भड़काऊ: गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि राज्य में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे बीजेपी के सभी नेताओं की भाषा एक जैसी है और वे मुद्दे की बात ही नहीं करते। साथ ही गहलोत ने कहा कि अगर केंद्र सरकार पेट्रोल के दाम कम करना चाहती है तो उसे उत्पाद शुल्क घटाना चाहिए। गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के जितने भी नेता आ रहे हैं, चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, गृह मंत्री अमित शाह हों या कोई केंद्रीय मंत्री या अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री हों, सबके भाषण एक जैसे ही हैं। पांच साल में हमने दलितों, पिछड़ों, युवाओं और किसानों के लिए जो काम किया, उस पर कोई बहस नहीं हो रही। वे गैर मुद्दों को 'मुद्दा' बना रहे हैं।


वीरता, पराक्रम, त्याग और देशभक्ति की गाथाओं से गुंजित राजस्थान की पावन धरा पर

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेंद्र मोदी जी की
विजय संकल्प
जनसभा



मंगलवार 21 नवंबर 2023
अंता - प्रात: 10:30 बजे
कोटा (शहर) - दोपहर 12:00 बजे
करौली - दोपहर 2:00 बजे



रोड शो ▸ जयपुर - सांय 4:00 बजे

- गरीब परिवारों को मुफ्त राशन
- प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा
- पीएम किसान सम्मान निधि बढ़ाकर ₹12,000
- गेहूं की खरीद ₹2,700 प्रति क्विंटल पर
- ज्वार एवं बाजरा की एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था
- एंटी-रोमियो स्क्वॉड का गठन एवं प्रत्येक जिले में महिला थाने
- पेट्रोल-डीजल सस्ता करेंगे
- राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित करेंगे
- गरीब परिवारों के छात्रों को ₹1,200 की वार्षिक सहायता
- वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाकर ₹1,500 प्रति माह
- 24x7 बिजली एवं जल जीवन मिशन से सभी घरों में पेयजल
- 15,000 डॉक्टर एवं 20,000 पैरा-मेडिकल स्टाफ की नई नियुक्ति
- गरीब महिलाओं को ₹450 में एलपीजी सिलेंडर
- सभी छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा
- 12वीं पास करने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी और छात्रों को लैपटॉप
- 6 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण
- बालिकाओं के जन्म पर ₹2 लाख का सेविंग बांड
- युवाओं को 2.5 लाख सरकारी नौकरियां
- पेपर लीक मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी का गठन
- कांग्रेस-राज में किसानों की नीलाम जमीनों का उचित मुआवजा देने के लिए मुआवजा नीति
- अगले 5 वर्षों में राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय बढ़ाएंगे
- 50 लाख युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार

प्रधानमंत्री मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें
जन-जन की पुकार, आ रही है भाजपा सरकार
कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं
भाजपा, राजस्थान
प्रधानमंत्री जी की जनसभा LIVE देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

## जरूरी खबर

### एमएलए सूर्यकांता व्यास को एम्स में कराया भर्ती



**जोधपुर।** सूरसागर से बीजेपी की विधायक सूर्यकांता व्यास को अब तबीयत नाजुक होने के चलते एमडीएम हॉस्पिटल से एम्स रैफर किया गया है। उनके हार्ट और किडनी के इन्फेक्शन बताया जा रहा है। रविवार को तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एमडीएम अस्पताल में लाया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद इलाज शुरू किया था, लेकिन सोमवार को तबीयत नाजुक होने पर उन्हें एम्स रेफर किया गया। इधर जीजी के शुभचिंतकों ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### मोदी, शाह, राहुल व खरगे की प्रदेश में सभाएं आज

**जयपुर।** प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई बड़े नेता राजस्थान के दौरे पर रहेंगे और चुनावी सभाओं तथा रोड शो से अपनी पार्टी के प्रत्याशियों का प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम 4 बजे जयपुर में रोड शो निकालेंगे। इससे पूर्व वे सुबह 10.30 बजे अंता, 12 बजे कोटा व 2 बजे करौली में विजय संकल्प सभा करेंगे। अमित शाह दोपहर 12:30 बजे किशनगढ़ बास खैरथल, 2 बजे नीमकाथाना और 3 बजे नवलगढ़ में सभा करेंगे। राहुल गांधी दोपहर 3.30 बजे बायतु में जनसभा करेंगे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष खरगे सुबह 10 बजे जयपुर में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी करेंगे।

### वॉकथोन रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश



**बानसूर।** कस्बे में रविवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वॉकथोन का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम को लेकर सतरंगी सप्ताह के पांचवें दिन तहसील परिसर से वॉकथोन का आयोजन हुआ। इस दौरान तहसील परिसर से सभी सर्विस वोटर और कर्मचारियों की ओर से बानसूर कस्बे के मुख्य बाजारों में लोगों को वॉकथोन कर मतदान के प्रति जागरूक किया गया और 25 नवंबर मतदान दिवस पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान नगरपालिका ईओ सुमेर सिंह मीणा, चुनाव प्रभारी पूर्ण यादव, राजेश जोशी मौजूद रहे।

---

**चुनाव के मद्देनजर सख्ती: पुलिस ने एफएसटी व एसएसटी टीम के सहयोग से नाकाबंदी के दौरान की कार्रवाई**

# सात लाख की संदिग्ध राशि, 2082 लीटर अवैध डीजल जब्त

बेधड़क | हनुमानगढ़

राजस्थान विधानसभा चुनावों को लेकर अपराधी तत्वों की धर-पकड़ जारी है। इसी के तहत जिले में सोमवार को दो जगहों पर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध नकदी और डीजल बरामद किया।




जानकारी के मुताबिक हरियाणा सीमा पर की जा रही नाकाबंदी के दौरान एफएसटी के सहयोग एक कार से 7 लाख रुपए की संदिग्ध राशि जब्त की। भिरानी पुलिस थाना प्रभारी कविता पूनिया के अनुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 के संदर्भ में चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों की पालना में बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश और पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार के निर्देशानुसार जिला पुलिस की ओर से नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में थाना की पुलिस टीम की ओर से हरियाणा सीमा पर स्थित गांव गांधीबड़ी में लगाए गए नाके पर नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान एफएसटी के सहयोग से पुलिस टीम ने एक कार को रोक कर तलाशी ली। इसमें सात लाख रुपए नकद मिले।

कार चालक बिलाल (28) पुत्र कुर्बान निवासी गांव गुंडम पोस्ट छुटमलपुर जिला सहारणपुर उत्तर प्रदेश इस राशि के बारे में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका। उसके पास कोई दस्तावेज भी नहीं मिले। इस पर एफएसटी की ओर से सात लाख रुपए की राशि जब्त कर ली। पुलिस ने कार को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया।

### नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी

चुनावों के मद्देनजर नाकाबंदी के दौरान तलवाड़ा झील थाना पुलिस ने एसएसटी के सहयोग से कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध डीजल पकड़ा गया। तलवाड़ा झील पुलिस थाना प्रभारी एसआई लाल बहादुर चन्द्र ने बताया कि बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश और पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में केहरवाला में नाका पॉइंट पर सोमवार को नाकाबंदी की जा रही थी। इस दौरान पिकअप आरजे-49 जीए 5441 को रुकवाकर जांच की गई। इस दौरान पिकअप के अन्दर 2082 लीटर डीजल भरा हुआ मिला। उन्होंने बताया कि पिकअप ड्राइवर अनिल कुमार (23) पुत्र बृजलाल जाट निवासी धन्नासर पीएस रावतसर से डीजल के संबंध में पूछा गया तो वह कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया।

### चुनाव में दुरुपयोग की संभावना

इतनी अधिक मात्रा में डीजल का विधानसभा चुनाव के समय आवागमन करना संदिग्ध होने और अवैध डीजल के विधानसभा चुनाव में दुरुपयोग होने की संभावना के मद्देनजर एसएसटी प्रभारी रोहिताश कुमार की ओर से संदिग्ध डीजल मय पिकअप गाड़ी को जब्त किया गया। कार्रवाई टीम में एसएसटी प्रभारी रोहिताश कुमार, कॉन्स्टेबल पवन कुमार, आरएचजी मुखराम, जयप्रकाश और वीडियोग्राफर नमन कुमार शामिल थे।

---

**सड़कों पर स्वागत को उमड़ा जन सैलाब, मोदी-मोदी के लगते रहे नारे**

# खुले वाहन में सवार हो प्रधानमंत्री ने किया साढ़े चार किमी का रोड शो

## ■ पीएम ने हाथ हिलाकर जनता का किया अभिवादन

बेधड़क | बीकानेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार शाम को बीकानेर में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में 'रोड शो' किया। मोदी केंद्रीय मंत्री और बीकानेर सांसद अर्जुन राम मेघवाल के साथ खुले वाहन में सवार रहे। सड़क के दोनों तरफ मौजूद लोगों ने उत्साह के साथ मोदी का स्वागत किया और मोदी ने हाथ हिलाते हुए अभिवादन स्वीकार किया। सड़कों पर भारी जनसैलाब उमड़ा नजर आया। इस दौरान मोदी-मोदी के नारे भी गूंजते रहे। रोड शो जूनागढ़ से शुरू हुआ। इस दौरान रास्ते में सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। ऐसे में भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य दल प्रचार-प्रसार में ताकत झोक रहे हैं। रोड शो को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पीएम मोदी खुली जीप में सवार होकर शाम 5.57 बजे रोड शो के लिए निकले। जूनागढ़ से पीएम का रोड शो शुरू हुआ था, जो देर शाम 7 बजे गोकुल सर्किल पर खत्म हुआ। पीएम ने पूरे रूट के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। सड़क के दोनों तरफ खड़े लोगों ने पीएम मोदी पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।



### लोक कलाकारों ने उत्सवी बनाया माहौल

प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो लोक नृत्य की भी छठा बिखरी। लोक कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुति से माहौल को उत्सवी बना दिया। रोड शो में सात जगहों पर लोक कलाकारों की ओर से नृत्य-गीत की प्रस्तुतियां दी गई। जूनागढ़, सार्दुल सिंह सर्किल, सिटी पैलेस होटल, हनुमान मंदिर, रोशनी घर चौराहा, जस्सूसर गेट और एमएम ग्राउंड में बनाए गए सांस्कृतिक मंच पर कलाकारों ने कालबेलिया नृत्य दिखाया गया। रोड शो के दौरान इन मंचों से भी पीएम मोदी का लोगों ने पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया।

### जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरा पीएम का रोड शो

प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो दो विधानसभा क्षेत्र बीकानेर पूर्व और बीकानेर पश्चिम से होकर निकला। बीकानेर पूर्व में जूनागढ़ से रोड शो की शुरुआत हुई। इसके बाद सार्दुल सिंह सर्किल और हेड पोस्ट ऑफिस होते हुए यहां 2 किलोमीटर का सफर पूरा किया। इसी प्रकार से बीकानेर पश्चिम में चोखुंटी रेलवे क्रॉसिंग से एंट्री की, जो ढाई किलोमीटर के बाद गोकुल सर्किल पर पूरा हुआ। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर जवान तैनाते रहे और पुलिस के आलाअधिकारी पूरे माहौल पर नजर बनाए हुए थे। रोड शो के चलते हाईवे से लेकर बाजार में रूट डायवर्ट कर दिया गया था। सुरक्षा के लिए 250 पुलिस अधिकारी और 1200 जवान तैनात किए गए थे। इससे पूर्व एडीजी विशाल बंसल, डीआईजी प्रदीप मोहन शर्मा, आईजी ओम प्रकाश और 6 एसपी ने रविवार को एसपीजी के साथ रोड शो की रिहर्सल की थी।

---

**अस्पताल में लोगों का धरना**

# किशोरी से गैंग रेप, देर रात मोहल्ले में छोड़कर भागे दरिंदे

बेधड़क | नागौर

प्रदेश में महिलाओं के साथ अपराध की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही। ताजा मामला नागौर जिले में सामने आया, जहां 16 वर्षीय किशोरी का तीन युवकों ने अपहरण कर गैंगरेप किया। घटना के बाद आरोपी पीड़िता को बेहोशी की हालत में मोहल्ले में छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे और धरना प्रदर्शन करने लगे।

घटना डीडवाना-कुचामन जिले के लाडनूं थाना क्षेत्र की है। लाडनूं थाना पुलिस ने बताया कि 16 साल की नाबालिग लड़की के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने शिकायत में बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे तीन युवक घर से उसकी बेटी का अपहरण कर ले गए। इसके बाद सुनसान इलाके में ले जाकर तीनों ने रातभर नाबालिग के साथ गैंगरेप किया।

घटना के बाद आरोपी उसकी बेटी को करीब 3 बजे मोहल्ले में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घर पहुंचकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों ने सोमवार सुबह 9 बजे लाडनूं थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी।



पुलिस पीड़िता को सुबह 10 बजे लाडनूं अस्पताल लेकर पहुंची और उसका मेडिकल कराया। इधर, नाबालिग से गैंगरेप की घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में शहर के लोग लाडनूं के सरकारी अस्पताल के बाहर पहुंच गए और घटना को लेकर विरोध जताया। भाजपा प्रत्याशी करणी सिंह, मनजीत पाल सिंह सहित अन्य लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया।

लाडनूं डीएसपी राजेंद्र बुरड़क ने प्रदर्शन कर रहे परिजनों से बात कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया की इस मामले में दो आरोपियों को डिटेन कर लिया है। एक आरोपी फरार है। उसको भी जल्द ही उसको गिरफ्तार कर लेगे। तीनों आरोपियों में एक नाबालिक भी शामिल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**श्याम प्रभु के जन्मोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक**

# आतिशबाजी करने पर लगाई रोक तोरणद्वार से पहले रहेगी पार्किंग

बेधड़क | सीकर

खाटूश्याम बाबा का जन्मोत्सव 23 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को मंदिर कमेटी और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। इस बार जन्मोत्सव के दौरान मंदिर कमेटी और प्रशासन ने भक्तों से अपील की है कि वे कस्बे में आतिशबाजी ना करें।

वहीं एसडीएम गोविंद भींचर ने कस्बे में होटल और धर्मशाला संचालकों की बैठक भी ली।



बैठक में एसडीएम गोविंद ने कहा कि पिछले सालों में जन्मोत्सव के दौरान कस्बे में आतिशबाजी की गई। इसका असर आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ा। ऐसे में यहां आने वाले भक्तों से अपील है कि आतिशबाजी न की जाए। इसके साथ ही खाटू में धर्मशाला, होटल और गेस्ट हाउस संचालकों की बैठक भी ली गई।

इसमें अधिकारियों ने कहा कि अपनी संस्थाओं की छत पर आतिशबाजी नहीं होने दें। साथ ही ध्यान रखें कि संस्थानों में ठहरने वाला कोई भी शख्स अपने साथ विस्फोटक सामग्री लेकर नहीं आए। श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था तोरण द्वार के पहले 52 बीघा मैदान में रहेगी।

---

**बसपा प्रत्याशी का ससेडी व जाखेर के गांवों में लोगों ने किया स्वागत**

# करौली का नहीं हुआ समुचित विकास: मीना

बेधड़क | करौली

क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना ने सोमवार को ससेडी और जाखेर के गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्हें सर्वसमाज का अपार जनसमर्थन मिला। इस दौरान बसपा प्रत्याशी ने कहा कि इस बार करौली के विकास और भाईचारे के लिए बसपा की जीत आवश्यक है।

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जमुना लाल जाटव ने बताया कि पार्टी रविन्द्र मीना ने सोमवार को ससेडी, अकोलपुरा, जाखेर, भंवरपुरा, डूडापुरा, भीकमपुरा सहित करीब 20 गांवों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इन गांवों में पंच पटेलों और प्रमुख ग्रामीणों ने बसपा प्रत्याशी का माला और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। सर्वसमाज के लोगों ने एकमत होकर समर्थन का ऐलान किया। बसपा प्रत्याशी रविन्द्र मीना ने कहा कि करौली को जिला बने 26 साल बीत गए, लेकिन अभी तक समुचित विकास नहीं हो पाया है। यह नेतृत्व की कमी रही है। इस कारण इस बार सभी को सोच समझकर विकास की आवश्यकता को देखते हुए नेतृत्व का चयन करना चाहिए। मीना ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें चुना तो वे करौली के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यहां विकास की अपार संभावना है, जिन्हें युवा और उच्च शिक्षित व्यक्ति ही सार्थक कर सकता है।



ऐसे में करौली निवासियों को प्रत्याशी का चयन इस बार करौली के विकास और भाईचारे के लिए करना चाहिए। ग्रामीणों ने बसपा प्रत्याशी का गांव-गांव में माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान 25 गांवों के पंच पटेल और बसपा कार्यकर्ता भी बडी संख्या में रविन्द्र मीना के साथ मौजूद रहे।

---

**आज जारी होगा कांग्रेस घोषणा पत्र**

# युवाओं, किसानों और महिलाओं को साधेंगे... गारंटियों की झलक

- ■ **कांग्रेस अध्यक्ष खरगे 10 बजे जारी करेंगे घोषणा पत्र**
- ■ साठ पेज के घोषणा पत्र में योजनाओं और गारंटियों का जोर
- ■ **कांग्रेस का गारंटियों पर विश्वास तो भाजपा को केंद्र के कामों पर भरोसा**

श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा के संकल्प पत्र जारी होने के बाद अब कांग्रेस भी मंगलवार को घोषणा पत्र जारी कर सकती है। हालांकि कांग्रेस पहले से ही राजस्थान में 7 गारंटियों को लेकर चुनावी समर में उतर चुकी है। वहीं, कांग्रेस, पिछले घोषणा पत्र के 95 प्रतिशत वादे पूरे करने के दावा कर रही है। बता दें कि कृषि गणना 2015-16 के मुताबिक किसानों की संख्या 76.55 लाख है। इनमें 16.77 लाख लघु किसान और 30.71 सीमांत किसान हैं। जाहिर है, पार्टी का फोकस इस वर्ग पर रहेगा ही।




### युवा, किसान और महिलाओं पर होगा फोकस

कांग्रेस के जारी होने वाले घोषणा पत्र में किसानों, युवाओं और महिलाओं से जुड़ी कई बड़ी घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। इन वर्गों को लेकर भाजपा से बड़ी घोषणाएं की जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस अपने 60 पन्नों के घोषणा पत्र में मतदान से ठीक चार दिन पहले ही जारी करने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस घोषणा पत्र में पार्टी का सात गारंटियों और अपनी योजनाओं पर ज्यादा भरोसा दिखाई दे सकता है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष सीपी जोशी इसे जारी कर सकते हैं।

### मिशन 2030 के सुझाव रहेंगे मुख्य बिंदु

घोषणा पत्र में कांग्रेस विशेषकर किसान, युवा और महिला वर्ग को साधने की कोशिश करेगी। कांग्रेस का घोषणा पत्र में मिशन 2030 को लेकर प्रदेशभर से आए सुझावों को भी वरीयता देगी। इसके साथ ही कांग्रेस अपने शिक्षा और चिकित्सा में और बेहतर करने की कोशिश करेगी। वहीं, सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाएं कांग्रेस पार्टी इस घोषणा पत्र में लेकर आएगी। पार्टी महिलाओं के लिए सिटी ट्रांसपोर्ट बसों में दिल्ली के तर्ज पर फ्री यात्रा की घोषणा हो सकती हैं। किसानों के लिए कृषि ऋणों और मुआवजे को लेकर नई पॉलिसी और एमएसपी पर कानून बनाने का घोषणा कर सकती है। इसके अलावा पार्टी मुख्यतः घोषणा पत्र में ईआरसीपी को भी शामिल करेगी।

### युवाओं के लिए अलग बजट का ऐलान संभव

युवाओं के लिए नए तकनीकी कोर्स, शिक्षण संस्थान, फिटनेस क्लब और जिम शुरू करने सहित कई घोषणाएं होगी। गौरतलब हैं कि इस बार 23 लाख नए मतदाता किंगमेकर साबित होंगे। किसानों की तरह ही युवा वर्ग के लिए अलग बजट का ऐलान कर सकती है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जहां तक सरकारी नौकरियों का सवाल है, हमारी सरकार ने 3,43,018 नौकरियां दे दी हैं और भाजपा तो वादा ही ढाई लाख नौकरियां देने का कर रही है।

## जयपुर जाम: मोदी के रोड शो की रिहर्सल से ठहरा शहर


फोटो: राजेश कुमावत

# पीएम आज जयपुर आएंगे
## परकोटे में वाहनों की नो एंट्री

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जयपुर में रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री शाम 5:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से बाई रोड जवाहर सर्किल, ओटीएस चौराहा, गांधीनगर सर्किल, जेडीए सर्किल, अल्बर्ट हॉल और एमआई रोड होते हुए शाम 5:50 बजे सांगानेरी गेट पहुंचेंगे। यहां से शाम 6 बजे रथ में सवार होकर रोड शो करेंगे।

इस दौरान एसपीजी और शहर पुलिस ने सोमवार से ही सुरक्षा व्यवस्था सम्भाल ली है। सोमवार शाम से ही एमआई रोड और परकोटे में वाहनों को डाइवर्ट कर दिया गया, जिससे वाहनों का लम्बा जाम लग गया। वहीं, पीएम मोदी के साथ जयपुर की सभी 19 विधानसभाओं के भाजपा प्रत्याशी होंगे। मोदी के रोड शो को लेकर भाजपा ने भी पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, रामचरण बोहरा सहित कई नेताओं ने भी रोड शो के रूट का जायजा लिया। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर परकोटे में यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। जौहरी बाजार, हवामहल बाजार, रामगंज बाजार, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, बापू बाजार, नेहरू बाजार में मुख्य मार्गों पर वाहनों की पार्किंग नहीं होगी। ये मार्ग नो-व्हीकल जोन रहेंगे। वहीं रोडवेज बसों का रूट भी डाइवर्ट किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए ड्रोन को भी तैनात किया गया है। साथ ही परकोटे में बिल्डिंगों पर स्नाइपर्स भी तैनात किए जाएंगे।


फोटो: पंकज शर्मा

### कागजी के समर्थन में सभा
## नफरत फैलाने वालों के झांसे में नहीं आएं: राज बब्बर



बेधड़क | जयपुर

किशनपोल विधानसभा से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी अमीन कागजी के समर्थन में बगरू वालों के रास्ते में कांग्रेस नेता और अभिनेता राज बब्बर ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस नेत्री आराधना मिश्रा ने भी संबोधित किया। राज बब्बर ने कहा कि अब कई लोग आएंगे नफरत फैलाने, लेकिन आप लोगों को ऐसे झांसेबाजों से बचना चाहिए। आपके बीच एक ऐसा प्रत्याशी है, जिसने पांच साल जमकर आपकी सेवा की है। एक बार फिर से कागजी को जिताकर विधानसभा भेजें। ये हमारी गारंटी है कि इस बार लाल बत्ती भी मिलेगी। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि छतीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांग्रेस जीत रही है, तो राजस्थान में कांग्रेस को जिताएं।

## आईटीबीपी जवान ने किया आत्महत्या का प्रयास

**जयपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर ड्यूटी कर रहे एक आईटीबीपी के जवान ने सोमवार को गला रेत आत्महत्या का प्रयास करन का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जवान को गंभीर हालत में कानोता स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सिपाही को एसएमएस अस्पताल में रैफर कर दिया। पुलिस के अनुसार जवान ने सुबह परिवार से फोन पर बात करने के बाद सुसाइड का प्रयास किया। इस संबंध में कानोता एसीपी फूलचंद मीणा ने बताया कि आत्महत्या के प्रयास करने वाले जवान का नाम मनोज विश्वास है। मनोज पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। आईटीबीपी के कमांडेंट भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उसके परिवार को भी घटना की जानकारी दे दी है। मनोज के मोबाइल की जांच की जा रही है।

### एयरलाइन ने जताया खेद
## नशे में धुत यात्री ने फ्लाइट में क्रू मेंबर्स से की बदसलूकी



बेधड़क | जयपुर

जयपुर से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट में एक यात्री ने शराब के नशे में बवाल मचा दिया। नशे में धुत यात्री ने फ्लाइट में मौजूद क्रू मेम्बर्स के साथ बदसलूकी की। दूसरे पैंसेजर्स और स्टाफ की समझाइश के बाद यात्री को मुश्किल से शांत किया। बेंगलुरु पहुंचने पर फ्लाइट में कार्रवाई करने के लिए उसे सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया गया। इंडिगो से जुड़े अधिकारियों के अनुसार फ्लाइट नंबर 6E 556 में एक पैसेंजर को नशे में स्टाफ के साथ गलत बर्ताव करने के आरोप में पकड़ा गया है। एयरलाइन ने पैसेंजर की पर्सनल डिटेल जारी नहीं की है। एयरलाइन अथॉरिटी पैसेंजर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। एयरलाइन ने माफी पत्र जारी कर लिखा है कि अन्य यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

### छात्रों के सुसाइड पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा...
# पेरेंट्स की उम्मीदें कर रहीं प्रेरित

बेधड़क | जयपुर

छात्रों के बीच बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के माता-पिता को जिम्मेदार ठहराया। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि छात्रों के बीच बढ़ती आत्महत्याओं के लिए कोचिंग सेंटर्स को दोषी ठहराना उचित नहीं है, क्योंकि माता-पिता की उम्मीदें बच्चों को जान देने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कोर्ट ने यह टिप्पणी मुख्य रूप से कोटा में छात्रों की बढ़ती आत्महत्याओं को लेकर की है। गौरतलब है कि इस वर्ष राजस्थान के कोटा में 24 आत्महत्याओं की सूचना है।

जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली दो सदस्य पीठ ने प्राइवेट कोचिंग सेंटर को रेगुलेट करने और उनके लिए एक स्टैंडर्ड तय करने के लिए कानून बनाने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि समस्या अभिभावकों की है, कोचिंग संस्थानों की नहीं। जस्टिस एसवीएन भट्टी ने कहा कि आत्महत्याएं कोचिंग इंस्टीट्यूट की वजह से नहीं हो रही है, बल्कि इसलिए हो रही हैं, क्योंकि बच्चे माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाते।



### हाई कोर्ट जाने का सुझाव

कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सुझाव दिया कि वह मामले में या तो हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाए या फिर केंद्र सरकार को एक रिप्रेजेंटेशन दे हम इस मुद्दे पर कानून कैसे बना सकते हैं। इस पर वकील प्रिया ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और संकेत दिया कि याचिकाकर्ता एक रिप्रेजेंटेशन पेश करना चाहेगा।

### मुंबई के डॉ. ने दायर की थी याचिका

बता दें कि अदालत मुंबई के डॉक्टर अनिरुद्ध नारायण मालपानी की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है कि कोचिंग सेंटर छात्रों को अपने फायदे के लिए तैयार करके मौत के मुंह में धकेल देते हैं। डॉक्टर अनिरुद्ध नारायण की ओर से पेश हुईं अधिवक्ता मोहिनी प्रिया ने कहा कि कोटा में आत्महत्याओं ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं, लेकिन यह घटना सभी निजी कोचिंग सेंटर के लिए आम हैं और ऐसा कोई कानून या रेगुलेशन नहीं है, जिसके इसके लिए जवाबदेह ठहराए जाए। पीठ ने कहा कि हममें से ज्यादातर लोग कोचिंग संस्थान नहीं चाहते, लेकिन आजकल परीक्षाएं इतनी प्रतिस्पर्धात्मक हो गई हैं और छात्र आधे या एक नंबर से परीक्षा में फेल हो जाते हैं। वहीं, माता-पिता को भी बच्चों से काफी उम्मीदें रहती हैं।

झूठे वादे, भ्रष्ट इरादे, हाल बदहाल
जनता पूछे कांग्रेस से
सवाल ?

? राजस्थान में पेट्रोल-डीजल सबसे महंगा क्यों?
? किसानों की कर्जमाफी के वादे का क्या हुआ?
? 5 साल में 17 बार पेपर लीक क्यों हुआ?
? 35,000 बेटियों के साथ दुष्कर्म क्यों?
? राजस्थान में 7,800 निर्दोष नागरिकों की हत्या क्यों?
? ड्रिल मशीन से शिवलिंग और बुलडोजर से राम दरबार क्यों तोड़ा?
? डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ के 50,500 पद खाली क्यों?
? 13,000 स्कूल बंद हुए, शिक्षा व्यवस्था के प्रति इतनी लापरवाही क्यों?
? जल जीवन मिशन में ₹20,000 करोड़ का घोटाला क्यों?
? पीएम किसान सम्मान निधि में से 2.5 लाख किसानों के ₹170 करोड़ रुपए किसने गायब किए?

इस कुशासन का जवाब देंगे इस बार भाजपा को चुनेंगे

कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं
भाजपा, राजस्थान



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

## भूटान नरेश जिग्मे खेसर की आठ दिवसीय दिल्ली यात्रा

# भूटान की देहरी पर चीन

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने इसी माह बीते दिनों आठ दिन की यात्रा की है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत की। भूटान और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर चल रही वार्ता और भूटान के चीन के प्रति बदलते नरम रूख के चलते इस यात्रा को अत्यंत अहम माना जा रहा है, क्योंकि कुछ समय पहले ही भूटान के विदेश मंत्री टांडी दोरजी ने चीन की राजधानी बीजिंग की यात्रा की थी। 23 अक्टूबर, 2023 को दोरजी के साथ चीनी विदेश मंत्री वांग यी और इसके अगले दिन चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। उनके साथ सीमा विवाद सुलझाने की बातचीत हुई थी। इसके पहले अक्टूबर-2021 में चीन और भूटान ने 'थ्री-स्टेप रोडमैप' के समझौते पर दस्तखत किए थे। तभी से भारत भूटान को लेकर चिंतित है, क्योंकि भारत को लग रहा है कि चीन भूटान की देहरी तक आने की कोशिश में लगा है। दोरजी की चीन यात्रा के बाद हुई बातचीत के जो संकेत मिले थे, वे भारत के लिए स्वाभाविक रूप से चिंताजनक थे। इस समय वांग यी ने भूटान से चीन के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने और दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी मुद्दे यथाशीघ्र सुलझाने का आग्रह किया था। नतीजतन दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को कानूनी रूप दिया जा सके।

दरअसल अभी तक इन देशों ने परस्पर राजनयिक संबंध स्थापित नहीं किए हैं। यदि दोनों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हो जाते हैं तो चीन और भूटान एक साथ समान दिशा में काम करने, ऐतिहासिक अवसर का लाभ उठाने के लिए परस्पर प्रतिबद्ध हो जाएंगे। भविष्य में ऐसा संभव हो जाता है तो चीन-भूटान के बीच मैत्रीपूर्ण रिश्ते कानूनी रूप ले लेंगे। इस बातचीत के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग यी का कहना था कि भूटान 'एक चीन सिद्धांत' का मजबूती से समर्थन करता है। इसका अर्थ है कि ताइवान और तिब्बत चीन के हिस्से हैं और भूटान चीन से जुड़े सीमा मुद्दे को सुलझाने के उद्देश्य से समाधान की दिशा में आगे बढ़ेगा। चीन ने अपने 12 अन्य पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद सुलझा लिया है, लेकिन भारत और भूटान दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने बीजिंग के साथ सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर के बीच हुई बातचीत से साफ है कि अब भूटान एकाएक चीन से बहुत गहरे संबंध स्थापित नहीं करेगा? बातचीत के बाद आए संयुक्त बयान से पता चलता है कि भारत भूटान को असम से जोड़ने वाले कोकराझार-गेलेफू रेल लिंक का सर्वेक्षण पूरा करने के साथ एक अन्य रेल लिंक के जरिए भूटान-बांग्लादेश व्यापार को आसान बनाने और भारत-भूटान सीमा पर चैक नाकों को उन्नत बनाने की बात आगे बढ़ी है। ये योजनाएं उस भविष्य की सूचनाएं देती हैं, जिससे इस क्षेत्र में पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर और भूटान का दक्षिणी व पूर्वी जोंगखा जिला शामिल हैं। विकास की ये परियोजनाएं जमीन पर उतरती हैं तो दोनों देशों के बीच चीन को लेकर जो शंकाएं पैदा हुई हैं, उन पर विराम लग सकता है। इसमें चीन और भूटान के बीच राजनयिक संबंध न बन पाएं यह मुख्य बिंदु है। भारत और भूटान दोनों का चीन के साथ सीमा विवाद है। चीन और भूटान की 600 किमी की सीमा जुड़ी है। इसमें सबसे ज्यादा गंभीर मामला डोकलाम का है, जहां चीन, भारत और भूटान इन तीनों देशों से सीमा जुड़ती है। भारत-डोकलाम को लेकर अत्यंत सर्तक है, क्योंकि यह संवेदनशील सिलीगुड़ी गलियारा (चिकननेक) के साथ जुड़ा हुआ है। यही गलियारा भारत को उत्तर-पूर्व क्षेत्र से जोड़ता है। चीन ने भूटान को डोकलाम में भूमि परिवर्तन यानी जमीन की अदला-बदली का प्रस्ताव दिया है। भारत इस प्रस्ताव से सशंकित है, क्योंकि इस बदलाव के बाद चीन का इस गलियारे तक पहुंचना तो आसान तो हो ही जाएगा, भारत के लिए एक खतरा भी उत्पन्न हो जाएगा।

> ये योजनाएं उस भविष्य की सूचनाएं देती हैं, जिससे इस क्षेत्र में पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर और भूटान का दक्षिणी व पूर्वी जोंगखा जिला शामिल हैं। विकास की ये परियोजनाएं जमीन पर उतरती हैं तो दोनों देशों के बीच चीन को लेकर जो शंकाएं पैदा हुई हैं, उन पर विराम लग सकता है। इसमें चीन और भूटान के बीच राजनयिक संबंध न बन पाएं यह मुख्य बिंदु है।

हालांकि भारत और भूटान के बीच 1949 में एक संधि हुई है, जिसके अंतर्गत भूटान की विदेश नीति, व्यापार और सुरक्षा गारंटी भारत के पास है। 2007 तक विदेश नीति भी भारत के पास थी, इस प्रावधान को अब खत्म कर दिया है। चालाकी बरतते हुए चीन ने विवादित डोकलाम क्षेत्र को नया नाम डोगलांग दे दिया था, जिससे यह क्षेत्र उसकी विरासत का हिस्सा लगे। इस क्षेत्र को लेकर चीन और भूटान के बीच कई दशकों से विवाद जारी है। चीन इस पर अपना मालिकाना हक जताता है, जबकि वास्तव में यह भूटान के स्वामित्व का क्षेत्र है। चीन सड़क के बहाने इस क्षेत्र में स्थाई घुसपैठ की कोशिश में है। जबकि भूटान इसे अपनी संप्रभुता पर हमला मानता रहा है।

दरअसल चीन अर्से से इस कवायद में लगा है कि चुंबा घाटी जो कि भूटान और सिक्किम के ठीक मध्य में सिलीगुड़ी की ओर 15 किमी की चैड़ाई के साथ बढ़ती है, उसका एक बड़ा हिस्सा सड़क निर्माण के बहाने हथिया ले। चीन ने इस मकसद की पूर्ति के लिए भूटान को यह लालच भी दिया था, कि वह डोकलाम पठार का 269 वर्ग किमी भू-क्षेत्र चीन को दे दे और उसके बदले में भूटान के उत्तर पश्चिमी इलाके में लगभग 500 वर्ग किमी भूमि ले ले, लेकिन 2001 में जब यह प्रस्ताव चीन ने भूटान को दिया था, तभी वहां के शासक जिग्में सिग्ये वांगचुक ने भूटान की राष्ट्रीय विधानसभा में यह स्पष्ट कर दिया था कि भूटान को इस तरह का कोई प्रस्ताव मंजूर नहीं है।


**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## शायर वामिक़ जौनपुरी का स्मृति दिवस

# हिंद को हम न बनने देंगे जंग का अखाड़ा



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



साल 1943 में बंगाल में भयंकर अकाल पड़ा। यह सदी का सबसे बड़ा अकाल था। इस अकाल में उस वक्त एक आंकड़े के मुताबिक क़रीब तीस लाख लोग भूख से मारे गए थे। वह तब, जब मुल्क में अनाज की कोई कमी नहीं थी। गोदाम भरे पड़े हुए थे। बावजूद इसके लोगों को अनाज नहीं मिल रहा था। एक तरफ़ लोग भूख से तड़प-तड़पकर मर रहे थे, दूसरी ओर अंग्रेज़ हुकूमत के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही थी। बंगाल के ऐसे भयावह माहौल और अवाम के जानिब सरकार की असंवेदनशीलता पर बंगालवासियों की मदद के लिए बड़ी संख्या में आगे आए लेखक-कलाकार। प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा से जुड़े इन लेखक-कलाकारों ने अपने रचनाकर्म और रंगकर्म से न सिर्फ़ देशवासियों तक बंगाल के लोगों का दुख-दर्द और उनकी समस्याओं को पहुंचाया, बल्कि उनकी मदद करने की ग़रज़ से पूरे देश में चंदा भी इकट्ठा किया। ''भूका है बंगाल रे साथी, भूका है बंगाल'' वह नज़्म है, जिसमें बंगाल के उस वक्त के अमानवीय और संवेदनहीन हालात की जैसे पूरी तर्जुमानी है। और इस नायाब नज़्म के लेखक हैं, शायर वामिक़ जौनपुरी।

इस अकेली नज़्म से वामिक़ जौनपुरी की शोहरत रातों रात पूरे मुल्क में फैल गई। साल 1944 में लिखी गई इस नज़्म ने उन्हें एक नई पहचान दी। आलम यह था कि हर ओर उनका चर्चा था। 'भूका है बंगाल' नज़्म वामिक़ जौनपुरी की शायरी की मेराज है। यदि इस नज़्म को लिख देने के बाद वामिक़ और कुछ भी न लिखते, तो भी वे उर्दू अदब में हमेशा ज़िंदा रहते। उन्हें कोई भुला नहीं पाता। वामिक़ जौनपुरी की इस शाहकार नज़्म की तारीफ़ करते हुए, अपनी किताब 'रौशनाई तरक्की पसंद तहरीक की यादें' में सज्जाद ज़हीर ने लिखा है, ''तरक्की पसंद अदब की तारीख में वामिक़ का यह तराना सही मायने में सोने के हरूफ़ से लिखे जाने लायक़ है। वह वक्त की आवाज़ थी।

वह हमारी इंसान दोस्ती के जज़्बात को सीधे-सीधे उभारता था। उसकी ज़बान और छब आम जन जीवन से संबंधित थी। देहात और शहर में हर तबके के लोग उसे समझ सकते थे। उसकी वेदना और संगीतिकता लोकधुन के साथ मिलकर दिल में पवित्रता और कर्म की भावना को जगाती थी। इसी वजह से यह तराना न सिर्फ़ हिंदुस्तानी बोलने वाले इलाकों में मक़बूल हुआ, बल्कि मुल्क के उन इलाक़ों में भी जिनकी ज़बान हिंदुस्तानी नहीं थी।''

ज़ाहिर है कि नज़्म का पसमंजर बंगाल अकाल ही था। बंगाल के अकाल पर हालांकि मख़्दूम, अली सरदार जाफ़री और जिगर मुरादाबादी ने भी पुरजोश नज़्में लिखीं, लेकिन उन्हें वह मक़बूलियत हासिल नहीं हुई, जो 'भूका है बंगाल' को मिली। आम ज़बान में लिखी गई यह नज़्म हर एक के ज़ेहन में उतरती चली गई। यह नज़्म, बंगाल के अकाल पीड़ितों की जैसे आवाज़ बन गई। ''पूरब देस में डुग्गी बाजी फैला दुख का जाल/दुख की अगनी कौन बुझाये सूख गए सब ताल/जिन हाथों ने मोती रोले आज वही कंगाल रे साथी/आज वही कंगाल/भूका है बंगाल रे साथी भूका है बंगाल/.....कोठरियों में गांजे बैठे बनिये सारा नाज/सुंदर नारी भूक की मारी बेचे घर घर लाज/चौपट नगरी कौन संभाले चारों तरफ भूचाल रे साथी/चारों तरफ भूचाल/भूका है बंगाल रे साथी भूका है बंगाल।'' वामिक़ जौनपुरी ने इस नज़्म में न सिर्फ़ अकाल से पैदा हुए दर्दनाक हालात का पूरा मंज़र बयां किया है, बल्कि नज़्म के आख़िर में वे बंगालवासियों से अपनी एकजुटता दर्शाते हुए कहते हैं, ''प्यारी माता चिंता जिन कर हम हैं आने वाले/कुंदन रस खेतों से तेरी गोद बसाने वाले/ख़ून पसीना हल हंसिया से दूर करेंगे काल रे साथी/दूर करेंगे काल/भूका है बंगाल रे साथी भूका है बंगाल।'' एक नई उम्मीद, नया हौसला बंधाने के साथ इस नज़्म का इख़्तिताम होता है। इप्टा के 'बंगाल स्कवॉड' और सेंट्रल स्कवॉड ने 'भूका है बंगाल' नज़्म की धुन बनाई और चंद महीनों के अंदर यह तराना मुल्क के कोने-कोने में फैल गया।

> नज़्म की मक़बूलियत को देखते हुए, इसका मुल्क की दीगर ज़बानों में भी तर्जुमा हुआ। इस युगांतकारी नज़्म के लिखे जाने का क़िस्सा कुछ इस तरह से है। वामिक़ जौनपुरी अलीगढ़ में थे, एक दिन उन्होंने बंगाल के अकाल की रिपोर्ट किसी अख़बार में पढ़ी। रिपोर्ट पढ़ने के बाद वे बेचैन हो उठे और यह मंज़र देखने कलकत्ता जा पहुंचे। वहां से लौटे तो कई दिनों तक यह ख़ौफ़नाक मंज़र उनकी आंखों के सामने घूमता रहा।

इस नज़्म ने लाखों लोगों के अंदर वतनपरस्ती और एकता, भाईचारे के जज्बात जगाए। इप्टा के कलाकारों ने नज़्म को गा-गाकर बंगाल रिलीफ़ फंड के लिए हजारों रुपए और अनाज बंगाल के लिए इकट्ठा किया। जिससे लाखों हमवतनों की जान बची। नज़्म की मक़बूलियत को देखते हुए, इसका मुल्क की दीगर ज़बानों में भी तर्जुमा हुआ। इस युगांतकारी नज़्म के लिखे जाने का क़िस्सा कुछ इस तरह से है।

वामिक़ जौनपुरी अलीगढ़ में थे, एक दिन उन्होंने बंगाल के अकाल की रिपोर्ट किसी अख़बार में पढ़ी। रिपोर्ट पढ़ने के बाद वे बेचैन हो उठे और यह मंज़र देखने कलकत्ता जा पहुंचे। वहां से लौटे तो कई दिनों तक यह ख़ौफ़नाक मंज़र उनकी आंखों के सामने घूमता रहा। कुछ लिखने को क़लम उठाई, लेकिन लिखा कुछ नहीं गया। आख़िरकार एक दिन वे जब लेटे थे, तो उनके दिमाग़ में एक मिसरा आया, ''भूका है बंगाल रे साथी, भूका है बंगाल'' इसके बाद, तो एक के बाद एक मिसरे आते चले गए और नज़्म पूरी हो गई। नज़्म की कहानी, उन्हीं की ज़बानी, ''इसके बाद तो बोल इस तरह क़लम से तराशा होने लगे, जिस तरह उंगली कट जाने पर ख़ून के कतरे। शायद इसी को इस्तलाहन इल्का (ईश्वर की ओर से दिल में डाली गयी बात) कहते हैं।'' सिर्फ़ यही नज़्म नहीं, बल्कि वामिक़ जौनपुरी के सारे कलाम में सामाजिक चेतना साफ़ तौर पर दिखलाई देती है। उन्होंने सियासी और समाजी मसलों को हमेशा अपनी नज़्म का मौज़ूअ बनाया। अपनी नज़्मों-ग़ज़लों में उन्होंने तरक्क़ीपसंद रुजहान से कभी किनारा नहीं किया।

मिसाल के तौर पर अपनी एक ग़ज़ल में वे कहते हैं, ''सुर्ख़ दामन में शफ़क़ के कोई तारा तो नहीं/हमको मुस्तकबिले-ज़र्रीं ने पुकारा तो नहीं/दस्तो-पा शल हैं, किनारे से लगा बैठा हूं/लेकिन इस शोरिशे-तूफ़ाँ से हारा तो नहीं।'' वामिक़ जौनपुरी के कलाम में जहां इंक़लाब का ज़बर्दस्त आग्रह है, तो वहीं अपनी नज़्मों में उन्होंने हमेशा वैज्ञानिक नज़रिए को अहमियत दी। ऐसी ही उनकी कुछ नज़्में हैं 'माइटी एटम', 'वक्त', 'आफ़रीनश', 'ज़मीं', 'एक दो तीन' वगैरह। साल 1948 में वामिक़ जौनपुरी का पहला शे'री मजमूआ 'चीखें' छपा। इस मजमूए में शामिल उनकी ज़्यादातर ग़ज़लें, नज़्में साल 1939 से लेकर 1948 तक के दौर की हैं। यह वह दौर था, जब मुल्क में आज़ादी का आंदोलन अपने चरम पर था।

पूरे मुल्क में सियासी उथल-पुथल मची हुई थी। ज़ाहिर है इस मजमूए की ग़ज़लों, नज़्मों में भी उस हंगामाखेज दौर की अक्कासी है। वामिक़ जौनपुरी की दूसरी किताब 'जरस' साल 1950 में आई। इस किताब में नज़्म, ग़ज़ल के अलावा चंद शे'र, अशआर भी शामिल हैं। 'जरस' की भूमिका मशहूर तंकीद निगार एहतेशाम हुसैन ने लिखी थी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ये काम करने वाले !



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

वे कुछ काम करते, लेकिन घुटनों में दर्द है। वे काम करते, लेकिन ठण्ड ज्यादा पड़ रही है-ठण्ड के कारण कहीं जाना-आना नहीं हो पाता। वे कमाते-खाते लेकिन गर्मी की छूप इतनी प्रचण्ड है कि निकलना ही नहीं हो पाता और इस बरसात दे तो कहीं का नहीं छोड़ा। दम ही नहीं ले रही। इस समय हमारे काम सीजन इसलिए इस ऑफ सीजन में क्या काम करें ? वे दिल्ली जाकर व्यवसाय का सामान लेकर आते, लेकिन वैवाहिक सावों के कारण रेलों-बसों भीड़ जा रही है। हाथ-पांव टूट जायें तो घर के रहेंगे न घाट के। ये वे जुमले हैं जो नाकारा और फालतू बैठे लोगों ने कामचोरी के बहाने ढ़ंढ़ लिये हैं।

डिसूजा को तो आप भी जानते होंगे, जो अपनी दूकान में बैठा मक्खी मारता रहता है, परन्तु व्यवसाय के लिए कोई सक्रिय पहल नहीं कर पाता। बात करो तो यही रोना कि ग्राहक ही पता नहीं कहां मर गये, मेरी दूकान पर तो आते ही नहीं। अरे डिसूजा दूकान में कुछ होगा, तब आयेगा न ग्राहक तो। खाली दूकान में आकर तुम्हारी तरह मक्खी छोड़े ही मारनी है। पत्नी स्कूल टीचर है, बस उसी से चल रहा है घर का खर्च। वरना डिसूजा के भरोसे तो आमरण अनशन पर बैठा जाओ। मैंने कई बार कहा भी डिसूजा इस काया को थोड़ा कष्ट दे, वरना काम कैसे चलेगा। थर्ड ग्रेड टीचर पत्नी के भरोसे कैसे होंगे आगे के कामकाज, परन्तु उसके कानों पर जूं भी नहीं रेंगती। इस कान से सुनकर उस कान से निकाल देता है। अब तो मैंने भी कहना छोड़ दिया है। क्योंकि उस पर कोई असर नहीं होता। भूल से कोई ग्राहक आ भी जाये तो उससे इतने रूखेपन से पेश आता है कि ग्राहक दुबारा न आने की कसम खा लेता है। इधर डिसूजा को मक्खी मारना बेहद पसंद है।

अब आपको भयानक जी से मिलवाता हूँ। जैसा नाम वैसा ही गुण। वे डिजायनर है। ग्राहक आयेगा तो घनी मूंछो से वाक्य भी भयानक निकतले हैं। उनकी पत्नी किसी प्राइवेट कम्पनी मैं कम्प्यूटर ऑपरेटर है। डिजायन बनाने वाला समझायेगा तो वे आंख बन्द कर लेंगे। ग्राहक जब पूछेगा कि वे इसका आशय समझा क्या, तो वे आंख निकालकर कहेंगे कि यह आयडिया उनकी समण् में नहीं आया। इसलिए वे नहीं कर सकते यह काम। जबकि वे पूरे हुररमंद हैं तथा प्रोफेशनल डिजायनर है, लेकिन काम करने के आलस्य ने उनका जीवन चौपट कर रखा है। मेरी तो समझ में ही नहीं आता कि वे किराया दूकान का कैसे पे करते होंगे। आये हुये काम को धकेल देना उनकी फितरत है। मुझे मिलेंगे तो कहेंगे आज का क्लाइंट बहुत चतुर हो गये हैं। कला की वैल्यू तो समझते नहीं और कोड़ियों में काम करना चाहता है।

मधुसूदन जी से भी मिल ही लीजिये। फोटोग्राफी की दूकान करते हैं। पुराने होने से व्यवसायिक सफलता का इतना आंकलिया है कि अपने मुकाबले में शहर में दूसरे किसी को फोटोग्राफर नहीं मानते। दूकान पर आने वाले की फोटो उतारने की एवज उसकी इज्जत उतारने में लग जाते हैं। आपसे फोटो खिंचवाना ही नहीं आता। मैं कहता हूँ वह करिये। उपदेश देने और अपना सुनहरा काल गिनाने दो घण्टे बिता देंगे। ग्राहक लौटकर ही नहीं आता। शादी-ब्याह, पार्टियों की फोटोग्राफी करना अपने व्यवसाय की तौहीन समझते हैं। मिलते हैं तो यही कहते हैं यार क्या जमाना आ गया, कला और कलाकर का महत्ता ही नहीं जाते। बीस रूपये में खरीदना चाहते हैं कलाकार की कला। उनकी भी पत्नी एक मॉल में सेल्समैनशिप करती है।

कहने का आशय यह है कि अपने काम को निष्ठा से करते नहीं और कमाई न होने के लिए घरों में बहाने मारते हैं। आप अपने आसपास नजर फैलाइये, डिसूजा, भयानक जी और मधुसूदन जी बेतादाद मिल जायेंगे। ये हैं आजकल के काम करने वाले, बदमिजाज, आलसी और कामचोर बहानेबाज !

## नॉलेज कॉर्नर: 1957 से हुई थी स्पेस में सैटेलाइट को भेजने की शुरुआत

# पृथ्वी के ऊपर मौत की तरह मंडरा रहे उपग्रह!

दुनिया भर के बड़े देश अब स्पेस टेक्नोलॉजी में खुद को किंग साबित करने की दौड़ में शामिल हैं। यही वजह है कि अब अमेरिका और रूस जैसे देश सैटेलाइट्स की मदद से अपनी स्पेस पावर बढ़ा रहे हैं। हालांकि, ये काफी खतरनाक है क्योंकि ये सैटेलाइट्स पृथ्वी के ऊपर मौत की तरह मंडरा रहे हैं। इनमें से कुछ काम कर रहे हैं और कुछ कबाड़ हो गए हैं। इनकी संख्या इतनी ज्यादा है कि इंसानों को अब डर सताने लगा है कि अगर ये सैटेलाइट कभी एक दूसरे से टकरा गए या पृथ्वी पर गिरने लगे तो क्या होगा। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं इन खतरनाक उपग्रहों के बारे में...

### फिलहाल कितने सैटेलाइट मौजूद

इंसानों ने स्पेस में सैटेलाइटों को भेजने की प्रक्रिया 1957 से शुरू कर दी थी। तब से लेकर अब तक हजारों उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे जा चुके हैं। सक्रिय उपग्रहों की बात करें तो इस वक्त पृथ्वी की अलग अलग कक्षाओं में कुल 8700 उपग्रह सक्रिय हैं। आपको बता दें, पृथ्वी के ऊपर तीन कक्षाओं में उपग्रह मौजूद हैं। पहली कक्षा है निम्न कक्षा। इस कक्षा में कम से कम 5900 उपग्रह सक्रिय हैं। जबकि, दूसरी कक्षा है मध्यम कक्षा। यह कक्षा पृथ्वी से 10 हजार से 20 हजार किलोमीटर दूर मौजूद है। तीसरी कक्षा सबसे ऊपर मौजूद होती है। इस कक्षा की दूरी पृथ्वी से लगभग 30 से 35 हजार किलोमीटर दूरी होती है।



### रूस ने ध्वस्त किया था सैटेलाइट

नवंबर 2021 में रूस ने कुछ ऐसा किया कि सब हैरान हो गए। दरअसल, रूस ने अपनी एक मिलिट्री सैटेलाइट को धवस्त करने के लिए एक एंटी सैटेलाइट मिसाइल का इस्तेमाल किया और उसे मार गिराया। जैसे ही मिसाइल सैटेलाइट से टकराई सैटेलाइट में विस्फोट हुआ और उसके कई टुकड़े अंतरिक्ष में बिखर गए। ये काफी खतरनाक था और इससे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन को भी काफी नुकसान हो सकता था। रूस के इस कदम ने ये दिखा दिया कि अगर भविष्य में कभी स्पेस वॉर शुरू हुई तो कैसे ये सैटेलाइट ही इंसानों के लिए मौत का सामान बन जाएंगी।

**कबाड़ बना खतरा**

*अंतरिक्ष में इंसान द्वारा फैलाए गए कचरे की बात करें तो इस वक्त 13 करोड़ से अधिक टुकड़े स्पेस में तैर रहे हैं। इस पूरे कचरे में 35 हजार तो ऐसे कचरे हैं जिनकी साइज 10 सेमी से अधिक है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि अगर इसका समाधान जल्द नहीं ढ़ूंढा गया तो आने वाले समय में ये एक भयावह रूप ले लेगी।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
राजस्थान गुनगुना रहा दिल से, कांग्रेस फिर से



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
बच्चों को जीवन को आत्मसात करने और अनुभव करने के लिए पोषण की आवश्यकता है, न कि शिक्षा के एक कठोर प्रारूप की जो उनकी जन्मजात बुद्धि को नष्ट कर दे।





चुनावी पोळ

कमल कमल वादा घणा,
है हाथ हाथ सूं होड़।
कोस कोस पर नेता गरजें,
आ वोटां वाळी दौड़।।

गजानन

**विधानसभा चुनाव** जयपुर ग्रामीण में अधिकांश सीटों पर आमने-सामने का मुकाबला

# राजधानी से लगती 11 में से 5 सीटों पर बागियों का अड़ंगा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में चुनावों का शोर चरम पर है। दोनों बड़ी पार्टियों भाजपा व कांग्रेस के साथ ही चुनावी मैदान में ताल ठोक रही अन्य पार्टियों व निर्दलीयों ने पूरा जोर प्रचार में झोंक रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को जयपुर में रोड शो करेंगे वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी लगातार प्रदेश में सभाएं कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री अपने रोड शो से जयपुर शहर के मतदाताओं के साथ ही जयपुर ग्रामीण के 11 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को भी साधने का काम करेंगे। इन 11 सीटों के समीकरण देखें तो अधिकांश पर मुकाबला कांग्रेस व भाजपा में आमने-सामने का है लेकिन कुछ सीटें जैसे विराटनगर, शाहपुरा, कोटपूतली, बस्सी व झोटवाड़ा में बागियों ने मुकाबले को त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय बना दिया है और यहां जीत का ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। नए जिलों की घोषणा के बाद इन सीटों में जयपुर ग्रामीण, सीकर, अजमेर और दौसा संसदीय क्षेत्र के कुछ हिस्से शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा व कांग्रेस से बागी हुए नेताओं ने कई स्थानों पर मुकाबले को कांटे का बना दिया है।




## पुराने बागी के सामने नया बागी मुसीबत

कोटपूतली से कांग्रेस ने गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव को टिकट दिया है। बीजेपी ने हंसराज पटेल को उतारा है। हंसराज पटेल पिछली बार बागी होकर निर्दलीय के रूप में लड़े थे। पिछली बार बीजेपी के प्रत्याशी रहे मुकेश गोयल राजेन्द्र यादव से हार गए थे। इस बार भी वे टिकट की कतार में थे, नहीं मिला तो निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हंसराज पटेल भाजपा के परंपरागत वोटों व गुर्जरों के भरोसे मैदान में हैं। मुकेश गोयल का कोटपूतली शहर पर अच्छा होल्ड है जिससे यहां मुकाबला त्रिकोणीय बन गया है।

## चौमूं में पुराने और नए की लड़ाई

चौमूं विधानसभा क्षेत्र में भी मुकाबला रोचक बनता दिख रहा है। यहां से भाजपा की ओर से मैदान में उतारे गए रामलाल शर्मा लगातार दूसरी बार विधायक हैं और कांग्रेस ने नए चेहरे शिखा मील बराला को टिकट दिया है। हालांकि आरएलपी के छुट्टन यादव और बसपा के कैलाश सैनी अपनी-अपनी सोशल इंजीनियरिंग के दम पर चुनाव को चतुष्कोणीय बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## विराटनगर में त्रिकोणीय संघर्ष

विराटनगर में कांग्रेस से मौजूदा विधायक इंद्राज गुर्जर और बीजेपी से कुलदीप धनखड़ प्रत्याशी हैं। पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना कांग्रेस से बागी होकर आजाद समाज पार्टी के टिकट पर मैदान में हैं। इसके चलते यहां मुकाबला त्रिकोणीय है।

## इन सीटों पर आमने-सामने का मुकाबला

आमेर, फुलेरा, दूदू, चाकसू और जमवा रामगढ़ में आमने-सामने का मुकाबला है। आमेर सीट पर बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रतिपक्ष के उप नेता सतीश पूनिया चुनावी मैदान में हैं। सिटिंग एमएलए पूनिया का मुकाबला कांग्रेस के प्रशांत शर्मा से होगा। पिछली बार भी इन दोनों का ही मुकाबला था। दोनों ही प्रत्याशी सोशल इंजीनियरिंग के दम पर समीकरण जमाने में लगे हैं। फुलेरा में भाजपा की ओर से निर्मल कुमावत और कांग्रेस के टिकट पर विद्याधर चौधरी मुकाबले में हैं। कुमावत पिछले चुनाव में नजदीकी मुकाबले में जीते थे। पिछली बार भाजपा के बागी डीडी कुमावत व कांग्रेस की बागी स्पर्धा चौधरी मैदान में थी। इस बार मुकाबला सीधे तौर पर भाजपा-कांग्रेस का है तो ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। दूदू विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बाबूलाल नागर और भाजपा के प्रेमचंद बैरवा में सीधा मुकाबला दिख रहा है। पिछली बार बाबूलाल नागर निर्दलीय के रूप में चुनाव जीते थे, इस बार कांग्रेस के टिकट पर लड़ रहे हैं। जमवारामगढ़ सीट से दोनों ही पार्टियों ने अपने पुराने प्रत्याशियों को वापस मौका दिया है। बीजेपी के महेंद्र पाल मीणा का मुकाबला वर्तमान विधायक गोपाल मीणा से होगा। चाकसू में भाजपा से रामवतार बैरवा व कांग्रेस से मौजूदा विधायक वेद प्रकाश सोलंकी में सीधा मुकाबला है।

## झोटवाड़ा में बागी सुरपुरा ने बिगाड़े समीकरण

जयपुर ग्रामीण संसदीय क्षेत्र में आने वाली झोटवाड़ा सीट शहरी और ग्रामीण मतदाताओं के मिलेजुले प्रभाव वाली सीट है। यहां बीजेपी की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और कांग्रेस की ओर से अभिषेक चौधरी चुनाव मैदान में हैं। यहां बीजेपी के बागी के रूप में आशु सिंह सुरपुरा मैदान में ताल ठोंक रहे हैं जिससे मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। सुरपुरा 5 साल पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं। अभिषेक चौधरी के बाहरी प्रत्याशी होने का मुद्दा भी आशु सिंह सुरपुरा और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ उठा रहे हैं।

## शाहपुरा में बगावत रिपीट

शाहपुरा की बात करें तो यहां भी मुकाबला त्रिकोणीय बनता दिख रहा है। मौजूदा विधायक आलोक बेनीवाल पिछली बार कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय के रूप में जीते थे। उन्हें इस बार भी टिकट नहीं मिला तो फिर वे मैदान में हैं। कांग्रेस ने पिछली बार के प्रत्याशी मनीष यादव को रिपीट किया है तो बीजेपी ने बेरोजगार युवकों के लिए संघर्ष से पहचान बनाने वाले उपेन यादव को मैदान में उतारा है। कांग्रेस और बीजेपी से यादव चेहरा आने के बाद आलोक बेनीवाल अपनी छवि को लेकर लोगों के बीच जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## बस्सी में तीन मीणा, मुकाबला चतुष्कोणीय

बस्सी में इस बार मुकाबला बेहद रोचक है। यहां पूर्व आईपीएस लक्ष्मण मीणा कांग्रेस से और पूर्व आईएएस चंद्र मोहन मीणा भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। मौजूदा विधायक लक्ष्मण मीणा पिछली बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते थे। यहां भाजपा के बागी जितेंद्र मीणा बीजेपी के बागी हैं। पिछली बार भी वे टिकट की कतार में थे। पूर्व विधायक अंजू धानका भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। ऐसे में बस्सी सीट पर मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है।



**बिहाइंड द कर्टेन**

## फाइनल निपटा, सेमी फाइनल का इंतजार

लो जी एक बुखार तो उतर गया। हर कोई तप रहा था। चुनाव प्रचार में क्रिकेट के मुहावरे। दुआएं और यज्ञ-हवन। पूजा अर्चना, प्रार्थना, नमाज, हनुमान चालीसा का पाठ। जीत के मंत्र। सोचा था पटाखे फोड़ेंगे। मैच बढ़ता गया खुमार उतरता गया। आखिर में सब पर पानी फिर गया। करोड़ों फैंस का सपना टूट गया। हर कोई इमोशनल हो रहा है। आंसुओं का सैलाब। हार के कारण तलाशे जा रहे हैं। हर बार ऐसा ही होता है। यहां नहीं, वहां होना चाहिए था फाइनल। सब कुछ एक ही राज्य में भेजा जा रहा है। क्रिकेट भी चला गया। हर बात में राजनीति राष्ट्रीय शगल है। सोशल मीडिया पर काफी कुछ लिखा गया है। टीम एक के बाद एक दस मैच जीत गई। तब सब कुछ ठीक नजर आ रहा था। महामुकाबले में हार गई। विशेषज्ञों की भाषा बदल गई। किसको पहले भेजा। किस को भेजना चाहिए था। कौन धीमे खेला। किसकी वजह से कौन दबाव में आ गया। टीम फाइनल का प्रेशर नहीं झेल पाई। कुछ न्यूज चैनल का तो कहना ही क्या। मैच से पहले जीत का फैक्टर किसी ओर को बता रहे थे। हार के बाद टीम की रणनीति पर सवाल उठाने लगे। खिलाड़ियों पर ठीकरा ंफोड़ रहे हैं। बेहतर टीम से हार गए। खेल में हार-जीत चलती रहती है। जो हुआ सो ठीक है। कुछ खिलाड़ियों का आखिरी वर्ल्ड कप है। विश्व विजेता बनने का सपना टूट गया। एक फाइनल हो गया। दूसरा फाइनल अगले साल होने वाला है। अभी सेमीफाइनल चल रहा है। चुनाव प्रचार छोड़ क्रिकेट देखने पहुंचे थे। फिर मैदान में आ डटे हैं। चुनावी भाषणबाजी और आरोप-प्रत्यारोप अपनी जगह। धरातल पर आकलन करना मुश्किल होता जा रहा है। हवा किसी एक पार्टी की तरफ बह रही हो ऐसा नजर नहीं आता। कोई नेक टू नेक बता रहा है। कोई किसी पार्टी की बढ़त बता रहा है। गारंटियां हैं। स्कीम हैं। उनका तोड़ है। कोई सिलेण्डर पांच सौ में तो कोई साढ़े चार सौ में देने का वादा कर रहा है। किसी ने कहा दो रुपए किलो गोबर खरीदेंगे। तो दूसरे ने कह दिया गो मूत्र भी खरीद लेंगे। लंबी लिस्ट है। हर पार्टी दूसरी पार्टी के वादों की कॉपी कर रही है। पार्टियों की विचारधारा में भी ज्यादा फर्क नहीं रह गया है। तो क्या करें? वोट जरूर करें। ये मौका पांच साल में एक बार ही आता है।

■ यायावर

**थड़ी पॉलीटिक्स**

## नेताओं का काम है प्रचार, हमारा काम है सही को चुनना

**स्थान** अल्बर्ट हॉल **समय** शाम 6:30 बजे

**जयपुर**

*यार, इनको जनता से ही वोट चाहिए और जनता को ही चकरघिन्नी कर रहे हैं। तुझे पता है, दो किलोमीटर आने में मुझे एक घंटा लग गया और अभी तो कल का दिन बाकी है। इन बड़े नेताओं को अगर शहर में आना होता है तो या तो शहर से बाहर के मैदान में आएं या आम आदमी की तरह आएं। हमारा तो पूरा दिन खराब हो जाता है ना।" चुनावी थर्मामीटर का पारा लगातार ऊपर चढ़ रहा है। हर तरफ चुनावी शोर है। देश के बड़े-बड़े नेताओं का जमावड़ा हमारे प्रदेश में है। आखिरी दिनों में वोटर्स को लुभाने का मौका कोई पार्टी छोड़ना नहीं चाहती। हर तरफ चुनावी रैलियों का शोर है, हर गली में जनसभाओं का हंगामा है। तो, लोगों की आम बातचीत के माध्यम से चुनावी मिजाज को समझने हम पहुंचे हैं अल्बर्ट हॉल के पास स्थित एक चाय की थड़ी पर। यहां लोगों के ग्रुप्स में चल रहे बातों के चटकारों में अलग अलग मुद्दों का पोस्टमार्टम चल रहा है। शहर के भारी-भरकम जाम से लड़कर यहां पहुंचे एक युवक ने नेताओं के दौरे के कारण मची अव्यवस्था को कोसा तो सामने से आवाज आई-"भाई, चुनाव हैं तो इतना तो चलता ही है। और कोई छोटा-मोटा नेता आए तो कोई ज्यादा दिक्कत होती भी नहीं। अब देश के पीएम ही आ रहे हैं तो इतनी व्यवस्था तो बनती है।" तीसरी आवाज ने पहले सवाल का ही समर्थन किया-"पर इनको चुनाव में ही क्यों याद आती है जनता की। पांच साल तो कोई नेता हमारी तरफ झांकता ही नहीं। और जैसे ही चुनाव आने वाले होते हैं तो क्या सीएम, क्या पीएम, क्या मंत्री- सब चक्कर काटने लग जाते हैं। भाई, जिसने कुछ काम किया है वो तो वैसे ही जीत जाएगा। और जो काबिल ही नहीं है, उसे तो जीतना नहीं है तो ये क्यों उसका प्रचार करते हैं।" चौथी आवाज ने बात को खत्म किया-"भाई, यही तो डेमोक्रेसी की ब्यूटी है। सब अपना प्रचार कर सकते हैं पर लास्ट डिसीजन तो वोटर के पास ही है। चाहे कोई भी नेता कुछ भी दावा करे, कुछ भी बोले लेकिन तुम्हारा वोट जबरदस्ती नहीं ले सकता। तुम्हें जो कैंडिडेट लायक लगे उसको वोट दो। नेताओं का काम है प्रचार करना, हमारा काम है वोट डालना और अच्छे नेता को चुनना। बस ये काम करे जाओ, एक दिन आएगा जब सत्ता बिल्कुल सही हाथों में पहुंच जाएगी।" और इसी के साथ चर्चा का ये सत्र समाप्त हुआ और सभी ने अपनी अपनी राह पकड़ी।*

**पॉली क्लिक्स**




## चुनावी शस्त्र

*प्रदेश में चुनावी शोर चरम पर है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी सरकार की वापसी के लिए लगातार मैराथन दौरे कर रहे हैं। सोमवार को भरतपुर सीट से कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुभाष गर्ग के प्रचार के लिए पहुंचे गहलोत को गदा भेंट में दी गई। गदा के साथ फोटो खिंचवा उन्होंने संदेश दे दिया कि चुनावी शस्त्र चलाने में वे बेजोड़ हैं।*

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ *गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

## हमेशा देश के संसदीय लोकतंत्र में आगे बढ़कर भागीदारी करता रहा है 'राजतंत्र'

**जयपुर।** राजस्थान की चुनावी राजनीति में वर्ष 1952 के प्रथम आम चुनाव से लेकर आजतक पूर्व राजघरानों की दिलचस्पी बरकरार है। दल बदल बदल कर जीत-हार का स्वाद चरखने वाले ये जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र तक सिमटे रहे हैं। लेकिन पूर्व अलवर रियासत के भंवर जितेन्द्र सिंह कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका निभाने में अग्रणी रहे हैं।

संयोगवश वर्तमान में तीसरी पारी में राजस्थान की शासन-सत्ता की बागडोर संभाल रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की उपस्थिति में भंवर जितेन्द्र सिंह को कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित होने का अवसर मिला। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस राजनीतिक घटनाचक्र के पश्चात गहलोत पहली बार मुख्यमंत्री एवं भंवर जितेन्द्र सिंह पहली बार विधायक बने। यह बात है पच्चीस बरस पहले की। याने वर्ष 1998। पूर्व ग्वालियर और अलवर राजघराने की दो हस्तियों के मिलन से इस कथा की शुरुआत होती है। अलवर के फूलबाग स्थित महल चौक में एक मंच सजा हुआ है। कांग्रेस के तत्कालीन महासचिव एवं ग्वालियर राजघराने के प्रमुख माधवराव सिंधिया विराजमान हैं। उनके बराबर तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक गहलोत बैठे हैं। मंच की पहली पंक्ति में पूर्व सांसद महेन्द्र कुमारी अपने पुत्र भंवर जितेन्द्र सिंह के साथ बैठी हुई हैं। सबसे अंत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवल किशोर शर्मा उपस्थित हैं।

भंवर जितेन्द्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की औपचारिक घोषणा के लिए सजे मंच पर उपस्थित पात्रों की भावी भूमिका पर नजर दौड़ा लेते हैं। माधवराव सिंधिया केन्द्र के मंत्री रहे। भंवर जितेन्द्र सिंह की मां महेन्द्र कुमारी



पहले ही चुनावी राजनीति में सक्रिय रही हैं। उन्होंने वर्ष 1991 में अपना पहला लोकसभा चुनाव बतौर भाजपा प्रत्याशी जीता। अलवर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार राम सिंह यादव को एक लाख मतों के अंतर से पराजित किया। वर्ष 1998 के चुनाव में वे निर्दलीय प्रत्याशी थीं और कड़े संघर्ष में कांग्रेस के घासीराम यादव से मात्र 2561 वोटों से हार गईं। बेटे के कांग्रेस में शामिल होने के पश्चात महेन्द्र कुमारी भी वर्ष 1999 में कांग्रेस प्रत्याशी रहीं।

लेकिन इस बार भी किस्मत ने उनका साथ नही दिया। भाजपा के डॉ. जसवंत यादव ने उन्हें 67 हजार 928 मतों के अंतर से हराया। मंच पर बैठे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवलकिशोर शर्मा ने भी अलवर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक गहलोत की अगुवाई में वर्ष 1998 के चुनाव में कांग्रेस को रिकॉर्ड बहुमत मिलने पर वह मुख्यमंत्री बने। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भरतपुर, उदयपुर, जयपुर, बीकानेर एवं कोटा के पूर्व राजघरानों के प्रतिनिधि अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। संसदीय लोकतंत्र में राजतंत्र की भागीदारी यथावत है।

### भाजपा के दो महंतों ने हराया

अब मुख्य किरदार भंवर जितेन्द्र सिंह की राजनीतिक भूमिका पर चर्चा। कांग्रेस में शामिल होने के पश्चात उन्हें अलवर से विधानसभा का पहला चुनाव लड़वाया गया। वर्ष 1998 में भाजपा की विधायक रही मीना अग्रवाल को 33 हजार मतों से तथा 2003 में इसी पार्टी की डॉ. पुष्पा गुप्ता का 27 हजार वोटों के अंतर से पराजित किया। दो बार विधायक निर्वाचित होने के पश्चात उन्हें दिल्ली की राजनीति के सक्रिय किया गया। अलवर संसदीय क्षेत्र से वर्ष 2009 में पहले चुनाव में भंवर जितेन्द्र सिंह ने भाजपा की डॉ. किरण यादव को एक लाख 56 हजार से अधिक वोटों से पराजित किया। वह डॉ. मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री बने। लेकिन वर्ष 2014 में वह भाजपा के महंत चांदनाथ से 2 लाख 45 हजार तथा 2019 में महंत बालकनाथ से तीन लाख 21 हजार से अधिक मतों के अंतर से पराजित हो गए। चुनाव हारने के भवजूद वह कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका में हैं।

**तेलंगाना चुनाव परिक्रमा: सियासी घमासान हुआ तेज,** भाजपा-बीआरएस ने एक दूसरे पर किए जुबानी हमले

# BRS के खिलाफ मौन क्रांति: रेड्डी

■ तेलंगाना की समस्याओं का हल डबल इंजन सरकार

**एजेंसी** | हैदराबाद



भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के खिलाफ मौन क्रांति चल रही है और लोगों का यह विश्वास मजबूत हो रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की सरकार चली जाएगी और सत्ता में भाजपा आएगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि कुछ फर्जी सर्वे रिपोर्ट प्रसारित की जा रही हैं, लेकिन भाजपा उम्मीदवारों को क्षेत्र में लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और पार्टी के घोषणापत्र को जनता सकारात्मक तरीके से ले रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर कर्नाटक की सरकार लोगों पर 'तेलंगाना चुनाव कर' लगा रही है और यह राशि यहां भेजी जा रही है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, अनेक विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे है।

यह बीआरएस पार्टी के खिलाफ मौन क्रांति की तरह है। भाजपा के प्रचार पर लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। लोग खुद ही बीआरएस के प्रचार वाहनों को अपने गांवों में नहीं आने दे रहे। तेलंगाना की समस्याओं का एकमात्र समाधान राज्य में 'डबल इंजन' की सरकार लाना है। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना में 18 से 35 साल की उम्र के 60 से 70 प्रतिशत लोग पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा नेता ने कहा कि वह ऐसे दावे करती है जिन्हें पूरा नहीं किया जा सकता और लोगों को लगने लगा है कि कर्नाटक समेत अन्य राज्यों में घोषित कांग्रेस की गारंटियों को लागू नहीं किया जा रहा है।

# सत्ता विरोधी लहर नहीं: हरीश राव

■ बीआरएस चाहती है राज्य में अपना तीसरा कार्यकाल

**एजेंसी** | सिद्दीपेट (तेलंगाना)



तेलंगाना के वित्त और स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने सोमवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति राज्य में तीसरा कार्यकाल चाहती है क्योंकि पिछले 10 वर्षों में पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के प्रदर्शन को देखने के बाद लोगों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं और यह सत्ता विरोधी लहर नहीं है। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के भतीजे हरीश राव ने कहा कि 10 साल के शासन के बाद कोई भी सरकार 100 प्रतिशत संतुष्ट करने वाली सरकार नहीं हो सकती। उम्मीदें अधिक होंगी। यह सत्ता विरोधी लहर नहीं है। उन्होंने कहा, लोग जानते हैं कि अगर वे बीआरएस को वोट देते हैं तो विकास मौजूदा बिंदु से शुरू होगा और किसी भी अन्य सरकार को यह काम शून्य से करना होगा। उन्होंने दावा किया कि लोगों ने देखा है कि कैसे कांग्रेस कर्नाटक में पांच गारंटी पूरी करने में विफल रही है और वे उस प्रयोग को तेलंगाना में नहीं देखना चाहते।

राव ने कहा कि विपक्षी दलों ने हर तरह के दुष्प्रचार का सहारा लिया, लेकिन लोग राज्य में देख सकते हैं कि विकास ने उनका जीवन कैसे बदल दिया है। रायथु बंधु (किसानों के लिए निवेश सहायता योजना) और कल्याण लक्ष्मी (विवाह सहायता योजना) जैसी योजनाएं ऐसे उदाहरण हैं जिनका अन्य राज्य अनुसरण करना चाहते हैं। राव के अनुसार, दूसरे कार्यकाल के दौरान सरकार के खर्च अधिक थे, जबकि कोरोना वायरस महामारी के कारण राजस्व कम रहा। बीआरएस नेता ने कहा, फिर भी सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं बंद नहीं कीं, हालांकि कुछ योजनाओं में हम ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कृषि ऋण माफी योजना के मामले में वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कुल 19,000 करोड़ रुपयेएमें से 14,000 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है और शेष कृषि ऋण माफ करने का आश्वासन दिया है।

## राम रहीम 21 दिन के लिए आएंगे जेल से बाहर

**चंडीगढ़।** अपनी दो शिष्याओं से बलात्कार के अपराध में 20 साल कारावास की सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह की तीन सप्ताह की फरलो सोमवार को मंजूर कर दी गई।

डेरा प्रमुख (56) हरियाणा के रोहतक जिले की सुनारिया जेल में बंद है। सूत्रों ने बताया कि राम रहीम 21 दिनों की अस्थायी रिहाई अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में बागपत के बरनावा में डेरा सच्चा सौदा आश्रम जाएगा। राम रहीम ने अस्थायी रिहाई के लिए आवेदन किया था। राम रहीम 30 जुलाई को 30 दिन की पैरोल पर सुनारिया जेल से बाहर आया था।उन्हें जनवरी में 40 दिन की पैरोल दी गई थी।

## कौशल निगम घोटाले मामले में नायडू की जमानत



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने सोमवार को कौशल विकास निगम घोटाला मामले में तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को नियमित जमानत दे दी। अदालत ने नायडू की चार सप्ताह की अंतरिम चिकित्सा जमानत को पूर्ण जमानत में बदल दिया और पूर्व मुख्यमंत्री को नियमित जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि, कौशल विकास निगम घोटाला मामले से संबंधित कोई भी सार्वजनिक टिप्पणी करने या सार्वजनिक रैलियों तथा बैठकों का आयोजन करने या उनमें भाग लेने से परहेज करने जैसी अंतरिम जमानत की शर्तें 28 नवंबर तक लागू रहेंगी।उच्च न्यायालय ने कहा कि 29 नवंबर से इन शर्तों में ढील दी जाएगी।

**तेलंगाना:** अमित शाह और सीएम राव ने चुनाव सभाओं में किए सियासी प्रहार

# केसीआर भ्रष्टाचार में नंबर एक: शाह

■ सत्ता में आए तो भ्रष्ट सौदों की जांच कराएंगे

**एजेंसी** | हैदराबाद

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर पर देश में भ्रष्टाचार में नंबर एक होने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो बीआरएस सरकार के भ्रष्ट सौदों की जांच कराएगी तथा जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

शाह ने जनगांव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारत राष्ट्र समिति के शासन के दौरान हुए कथित घोटालों का भी जिक्र किया, जिनमें कालेश्वरम परियोजना, शराब घोटाला और हैदराबाद के मियापुर में भूमि सौदे शामिल हैं। उन्होंने कहा, केसीआर देश में भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक हैं। दो दिन पहले जारी हुए भाजपा के घोषणा-पत्र में कहा गया है कि सत्ता में आने पर पार्टी कालेश्वरम और धरणी सहित विकास के नाम पर शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं की जांच के लिए एक जांच आयोग नियुक्त करेगी।

उसके मुताबिक इन परियोजनाओं में भारी लागत वृद्धि और भ्रष्टाचार देखा गया है। शाह ने भाजपा का वादा दोहराया कि अगर पार्टी 30 नवंबर के चुनाव में सत्ता में आती है तो पिछड़ी जाति के नेता को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा और साथ ही जनता के लिए अयोध्या में भगवान राम मंदिर में मुफ्त दर्शन की व्यवस्था भी की जाएगी।



### 'परिवारवाद' को उखाड़ फेंकना चाहिए

**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को यहां लोगों से राज्य में एक परिवार के शासन से मुक्ति पाने और प्रदेश की समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए भाजपा को चुनने का आग्रह किया। येल्लारेड्डी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गडकरी ने आरोप लगाया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री को यहां युवाओं की चिंता नहीं है। उन्हें बस यही चिंता है कि उनके बेटे और बेटी को कैसे रोजगार मिलेगा।यह परिवारवाद की राजनीति है। तेलंगाना की प्रगति के लिए परिवारवाद' को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक अपने बच्चे को भी राजनीति में उतारने लगेंगे तो पार्टी कार्यकर्ताओं का क्या होगा?

# फिटनेस प्रणाली खत्म होगी: KCR

■ खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाएंगे : के. चंद्रशेखर राव

**एजेंसी** | मानाकोंडुर (तेलंगाना)

मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने सोमवार को कहा कि तेलंगाना क्योंकि भारी मात्रा में धान का उत्पादन करने में सफल हो गया है, इसलिए बीआरएस अगर सत्ता में लौटी तो हर जगह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित किए जाएंगे जो स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार संसाधन बनेंगे। केसीआर ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए फिटनेस प्रमाणपत्र प्रणाली को खत्म करने का भी वादा किया।

ऑटोरिक्शा चालकों के लिए हर साल यह प्रमाण-पत्र लेना आवश्यक है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह वही पार्टी है, जिसने लोगों की इच्छा के खिलाफ (1950 के दशक में) तेलंगाना का आंध्र प्रदेश में विलय किया था। भारत राष्ट्र समिति प्रमुख ने दोहराया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कार्यकाल भूख से मौत, नक्सली आंदोलनों और मुठभेड़ों से ग्रस्त था। उन्होंने याद दिलाया कि जब तक पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव (अविभाजित आंध्र प्रदेश में) सत्ता में नहीं आए और लोगों को दो रुपये प्रति किलोग्राम चावल की पेशकश नहीं की, तब तक केवल भुखमरी का जीवन था। उन्होंने तेलंगाना के लिए एक भी मेडिकल कॉलेज और नवोदय स्कूल को कथित तौर पर मंजूरी नहीं देने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की।



### समान नागरिक संहिता की जरूरत नहीं

हैदराबाद। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत नहीं है। लोगों को अभिव्यक्ति और बोलने की और अधिक स्वतंत्रता देने की जरूरत है जहां उन्हें पहनावे और धर्म के आधार पर निशाना नहीं बनाया जाए। तेलंगाना में भाजपा के चुनावी घोषणापत्र पर ओवैसी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा देश के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय इस तरह की चीजों में शामिल रहती है।

## बांके बिहारी गलियारा निर्माण को हरी झंडी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को बांके बिहारी मंदिर के गलियारे के निर्माण को सोमवार को हरी झंडी दी और जनहित याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 31 जनवरी, 2024 की तिथि निर्धारित की। मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायाधीश आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने आनंद शर्मा और मथुरा के एक अन्य व्यक्ति की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

इससे पूर्व, राज्य सरकार ने अदालत को मंदिर क्षेत्र को गलियारा के तौर पर विकसित करने की जानकारी दी थी जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन की सुविधा के लिए मंदिर के आसपास करीब पांच एकड़ जमीन खरीद की बात भी शामिल है। सरकार ने आश्वासन दिया है कि गोस्वामी परिवार द्वारा की जाने वाली पूजा -अर्चना या श्रृंगार में वह किसी तरह का कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी और सेवायतों को जो भी अधिकार हैं, वे यथावत बने रहेंगे।

**मणिपुर में** फिर हिंसा

# IRB जवान समेत दो लोगों की हत्या

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार को इंफाल घाटी के एक उग्रवादी समूह के संदिग्ध सदस्यों ने सुरक्षा बल के एक कर्मी और उनके चालक की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों व्यक्ति एक वाहन में यात्रा कर रहे थे कि तभी राज्य के बहुसंख्यक समुदाय से संबंधित संदिग्ध उग्रवादी समूह के सदस्यों ने हाराओथेवल और कोब्शा गांवों के बीच गाड़ी पर घात लगाकर हमला कर दिया। घटना में मारे गए दो लोगों में से एक इंडिया रिजर्व बटालियन का कर्मी था। घटना सिंगदा डैम के समीप हुई जहां उग्रवादी गुट पहले भी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। सीओटीयू ने एक बैठक में यह भी मांग की कि सरकार आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की व्यवस्था करे। अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में तीन मई को आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद भड़की हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

### सीओटीयू ने की बंद की घोषणा

एक आदिवासी संगठन ने दावा किया कि कुकी-जो समुदाय के लोगों पर बिना उकसावे के हमला किया गया। कांगपोकपी की 'कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी' (सीओटीयू) ने कांगपोकपी जिले में 'आपातकालीन बंद' की घोषणा की।सीओटीयू ने एक बैठक में यह भी मांग की कि सरकार आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की व्यवस्था करे।

## पन्नू व उसके संगठन के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों से यात्रा करने वाले लोगों को धमकाने और 19 नवंबर से एयरलाइन की उड़ानों का परिचालन बंद करने की धमकी देने के मामले में घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने बताया कि यह मामला भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज किया गया है।

**अंतरराष्ट्रीय सुरंग** विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स पहुंचे

# भोजन-पानी के लिए डाली पाइपलाइन

**एजेंसी** | उत्तरकाशी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सिल्क्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए जारी बचाव कार्य अभी सफल नहीं हो पाए हैं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स भी सिलक्यारा पहुंच गए और उन्होंने मौके पर अधिकारियों के साथ रणनीति पर चर्चा की। बचावकर्मियों ने सोमवार को सुरंग के अवरूद्ध हिस्से में 'ड्रिलिंग' कर मलबे के आर-पार 53 मीटर लंबी छह इंच व्यास की पाइपलाइन डाल दी जिससे वहां फंसे श्रमिकों को ज्यादा मात्रा में खाद्य सामग्री, तथा अन्य जरूरी वस्तुएं पहुंचाई जा सकेंगी। इस बीच, पहाड़ी के उपर से ड्रिलिंग करके संभवतः करीब 80 मीटर गहरे 'वर्टिकल' बचाव शाफ्ट के निर्माण के लिए पहली मशीन भी सुरंग तक पहुंच गई है।



**जजों की नियुक्ति व तबादला मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**

# कॉलेजियम की सिफारिशों पर केंद्र का रवैया मनमाफिक चयन वाला: SC

■ इससे अच्छा संदेश नहीं जाता, यह हमें स्वीकार्य नहीं

**एजेंसी** | नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की सिफारिश को मंजूरी देने में केंद्र के रवैये को मनमाफिक तरीके से चुनाव वाला बताया और कहा कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता। न्यायाधीश संजय किशन कौल और न्यायाधीश सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के लिए हाल में जिन नामों की सिफारिश की गई है, उनमें से आठ को मंजूरी नहीं दी गई है और इनमें से कुछ न्यायाधीश नियुक्त किए गए न्यायाधीशों से वरिष्ठ हैं। न्यायाधीश कौल शीर्ष न्यायालय के कॉलेजियम में सदस्य हैं।

उन्होंने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी से कहा, मेरी जानकारी के अनुसार आपने पांच न्यायाधीशों के तबादले के लिए आदेश जारी किए हैं। छह न्यायाधीशों के लिए आपने आदेश जारी नहीं किया है। इनमें से चार गुजरात के हैं। पिछली बार भी मैंने कहा था कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता। यह स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा, पिछली बार भी मैंने इस बात पर जोर दिया था कि चुनिंदा तरीके से स्थानांतरण मत कीजिए। पीठ दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें से एक में नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए कॉलेजियम की सिफारिश वाले नामों को स्वीकृति देने में केंद्र की ओर से देरी का आरोप लगाया गया था।

### विधेयकों की मंजूरी में देरी: केंद्र व राज्यपाल कार्यालय से किया जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विधेयकों को मंजूरी देने में विलंब करने का आरोप लगाने वाली केरल सरकार की याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के कार्यालय से जवाब तलब किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित कई विधेयकों को मंजूरी नहीं दे रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता के के वेणुगोपाल की दलीलों पर गौर किया जिसमें आठ विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल की ओर से देरी किए जाने का आरोप लगाया गया। शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को नोटिस जारी करके कहा कि वह या फिर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुनवाई में उसकी सहायता करें। अदालत अब केरल सरकार की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी। वेणुगोपाल ने कहा,राज्यपालों को यह एहसास नहीं है कि वे संविधान के अनुच्छेद 168 के तहत विधायिका का हिस्सा हैं।

### तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई 1 दिसंबर तक स्थगित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई एक दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी जिसमें राज्य के राज्यपाल आर एन रवि पर विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी करने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि तमिलनाडु विधानसभा ने राज्यपाल द्वारा लौटाए गए 10 विधेयकों को फिर से पारित किया है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल (एजी) आर वेंकटरमणी की ओर से सुनवाई टालने के आग्रह को मान लिया। पीठ ने कहा, पहले हम विधेयकों पर राज्यपाल के निर्णय का इंतजार करते हैं। विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि मुद्दा यह है कि क्या राज्यपाल के कार्यालय को सौंपे गए संवैधानिक कार्यों के निर्वहन में देरी हुई है।

## लोकल बॉय अभिनेता राघव तिवारी ने जयपुर से मुंबई तक की जर्नी की शेयर

# क्वालिटी वर्क से ही मिलता है काम, लुक और बॉडी से नहीं



बेधड़क.जयपुर। 'मैं कागज पर डायलॉग लिखकर उसका एक्ट शीशे के सामने करता था। फिर जयपुर थिएटर से शुरुआत की और मुंबई की राह पकड़ी, जो आसान नहीं थी। आज कई बड़े चैनल्स में काम कर चुका हूं और जल्द ओटीटी पर दिखाई दूंगा।' यह कहना है जयपुर के उभरते एक्टर राघव तिवारी का, जो सच बेधड़क के ऑफिस पहुंचे और जर्नी शेयर की।

### ऑडिशंस-रिजेक्शन ही मेरी क्लासेज

एनएसडी नहीं जाकर भी जल्दी तरक्की पाने के सवाल पर कहा कि मुझे आज भी कोई एनएसडी वाला मिलता है तो उसके पास जाकर ज्ञान लेता हूं। हालांकि, मैं खुद एनएसडी नहीं जा सका, लेकिन मैंने कितने ऑडिशन दिए हैं मुझे खुद याद नहीं। सच कहूं तो ऑडिशन और रिजेक्शन ही मेरी क्लासेज हैं। मुंबई में रोज ऑडिशन देता और एक प्रोडक्शन हाउस से दूसरे में जाता। बस वही मेरी लर्निंग रही।

**थिएटर के दौरान हुआ सलेक्ट:** राघव ने कहा, कि मुंबई में एक बार थिएटर कर रहा था। जहां टीवी सीरीयल्स के क्रिएटिव्स की नजर मुझ पर पड़ी। स्क्रीन टेस्ट और ऑडिशन हुए और मैं सलेक्ट कर लिया गया। इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज कलर्स का सिर्फ तुम, हॉट स्टार का आशिकाना आदि सीरीयल्स कर चुका हूं। सबसे ज्यादा प्यार आशिकाना से मिला। मुंबई में 7 साल हो गए हैं और हालही में एक ओटीटी का बड़ा प्रोजेक्ट किया है, जिसका पोस्ट प्रोडेक्शन चल रहा है।

### बिग-बी सबसे बड़ी इंस्पीरेशन

उन्होंने कहा कि अमिताभ बच्चन मेरी सबसे बड़ी इंस्पीरेशन हैं, क्योंकि उनका डेडिशन आज भी कायम है और वे टाइम के पाबंद हैं। सुबह 8 बजे भी सेट पर पहुंच जाते हैं, जो सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। आज भी वे अपने करेक्टर के लिए पूरी तैयार करते हैं। इसी प्रकार नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी बहुत प्रभावित करते हैं।

**आर्ट की रियाज जरूरी:** राघव कहते हैं, कि आर्ट की रियाज जरूरी है। कोई भी एक दम से बड़ा नहीं बन जाता। प्रेक्टिस बहुत मायने रखती है। मैंने भी यही किया है और आज भी करता हूं। एक्टिंग में भी यह सब जरूरी है। सिर्फ लुक या बॉडी अच्छी बनाने से काम नहीं मिलता है। क्वालिटी वर्क से ही काम मिलता है।



### मेल और मोबाइल नंबर लेकर आता था

मुंबई में कोई नहीं था। लंबा स्ट्रगल किया। सोशल मीडिया भी इतना पॉपुलर नहीं था। मैं प्रोडक्शन हाउस जाता और से ई-मेल लाता तो कभी कास्टिंग डायरेक्टर का नंबर लेकर आता। बस मुझे करना था और बिना किसी लिंक मुंबई जाकर खुद से सब करता चला गया।

**एक्टर का टाइम खराब नहीं करना चाहिए:** मुंबई में अच्छे-बुरे एक्सपीरियंस पर राघव ने कहा कि हाथ में काम होने के बाद चला जाए तो दुख होता है। मेरे साथ ऐसा ही एक वाकया हुआ जब मुझे सेट पर बुला लिया गया और लुक टेस्ट, ऑडिशन आदि सब होने के बाद भी सिर्फ इसलिए रिजेक्ट कर दिया कि मैं बहुत फेयर व उनके करेक्टर के अनुसार थोड़ा हाइट में कम था। वहां मुझे लगा, कि एक्टर का टाइम खराब किया जाता है। सबकुछ ओके होने के बाद यदि रिजेक्ट कर दिया जाए तो हार्ट ब्रेकिंग होता है।

**राजस्थानी सिनेमा भी करूंगा:** राजस्थानी सिनेमा करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं एक एक्टर हूं और राजस्थानी सिनेमा जरूर करूंगा। अपने गढ़ में काम करने का मजा ही कुछ और होता है। मुंबई कर्म भूमि है, लेकिन जयपुर घर और गढ़ दोनों है। चाहता हूं राजस्थानी प्रोजेक्ट मिले।

**दुनिया की सबसे बड़ी राम लीला में बना राम:** सबसे अच्छे अनुभवों में से एक दुनिया की सबसे बड़ी राम लीला में काम का रहा। मुझे किसी ने कहा था कि यह एक अलग एक्सपीरियंस होगा और मैंने दिल्ली की रामलीला में राम की भूमिका निभाई।

## प्रतिभाओं का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** आगरा रोड स्थित सीताराम-सरस्वती एनक्लेव सोसाइटी ने रविवार को दिवाली स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। सोसायटी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने बताया कि समारोह में दसवीं व 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं, हाल ही सरकारी नौकरी में चयन और सेवानिवृत होने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि समारोह का मकसद कॉलोनीवासियों से मेल-मिलाप बढ़ाना और क्षेत्र विशेष संबंधी समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराना है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष केके शर्मा, रामावतार कूलवाल, ओमप्रकाश कूलवाल, विजय शर्मा, अंकित शर्मा, चेतन शर्मा, रोमित नाटानी, राजेश शर्मा, सुरेंद्र जांगिड़, हेतप्रकाश व्यास सहित कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

## बिरसा मुंडा जयंती मनाई




**बेधड़क. जयपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस दौरान 15 से 26 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे कर्मचारियों, अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके स्वतंत्रता संग्राम के योगदान तथा आदर्शों पर विचार रखे। महाप्रबंधक अमिताभ ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि जनजातीय इतिहास में भगवान का दर्जा प्राप्त भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को संगठित कर अंग्रेजों के विरुद्ध अतुल्य साहस का परिचय दिया था। उन्होंने अल्प संसाधनों से शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई।

## बच्चों की शिक्षा पर मंथन



**बेधड़क. जयपुर।** क्रीआर हेरिटेज शो में स्लम में बच्चों की शिक्षा पर मंथन किया गया। पारिजात 2 में चल रही प्रदर्शनी में चाइल्ड ऑथर अनय सक्सेना ने यह मुद्दा उठाया। क्रीआर फाउंडेशन के संस्थापक ने बताया कि जब ऐसे बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने की कोशिश की गई तो उन्हें प्रवेश नहीं मिला। उनसे जन्म प्रमाण पत्र मांगा गया। जिनका जन्म सड़क पर हुआ वो कहां से लाएंगे जन्म प्रमाण पत्र? प्रदर्शनी में लगभग 250 प्रतिभागी बच्चों के कैनवास लगे हुए हैं। प्रदर्शनी समानता थीम पर आधारित रही। प्रदर्शनी में कुलदीप (संस्थापक), यूके से ह्यूज फॉर्न एवं सेली फॉर्न, सेलिब्रेटी शनाया शर्मा, जसबीर कौर चर्चा में शामिल रहे।

# City इवेंट्स

## लैंगिक समानता पर संवाद



**बेधड़क. जयपुर।** कानोड़िया पीजी गर्ल्स कॉलेज के सेंटर फॉर जेंडर स्टडीज की ओर से इंडियन वुमन इमपेक्ट एनजीओ, (कच्ची बस्ती, सीताराम नगर, त्रिवेणी नगर) में 'लैंगिक असमानता व लैंगिक भूमिका' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा पीढ़ी की वर्तमान मानसिकता को जानने के लिए गतिविधि का सहारा लिया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वीटी माथुर व दमंयती सोढ़ा ने किया। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## फॉर किड्स डेंटल ने जीता मैच



**बेधड़क. जयपुर।** निविक डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग पंचम संस्करण में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि तीसरे दिन मैचेज में फॉर किड्स डेंटल ने जीवन रेखा हॉस्पिटल को 5-0 से व सुवीरा यूरोशूटर्स ने निया डायग्नोस्टिक को 3-2 से हराया। लीग संयोजक डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि शैल्बी हॉस्पिटल ने कदम टेक को 3-2 से, लिपि क्लिनिक ने जे एफएमआरसी को 3-2 से, शुभम केयर हॉस्पिटल ने लिपि क्लिनिक को 3-2 से, पर्पल हेरोन ने सोमानी हॉस्पिटल को 3-2 से व केडिया हॉस्पिटल ने शोल्डर एंड नी सर्जरी क्लिनिक को 4-1 से हराया। सचिव डॉ. हनुमान खोजा ने बताया कि जैन चेस्ट केयर, जयपुर गैस्ट्रों व प्रियूष हॉस्पिटल अगले दौर में पहुंच गए हैं।

## स्कूली बच्चों ने तस्वीरों में जानी विरासत



**बेधड़क. जयपुर।** शहर की विरासत, मॉन्यूमेंट, वॉल सिटी, मंदिर, कल्चर आदि की खूबसूरती जब एक छत के नीचे दीवारों पर दिखाई दी तो युवा मन के साथ ऑफिसर्स आदि भी उसमें खो से गए। ये थे जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जीबिशन में आए विजिटर। रावत स्कूल के बच्चों ने विजिट के दौरान शहर की विरासत को समझा। महेश कुमावत, नरेंद्र रावत, एक्शन डायरेक्टर एंड एक्टर महेंद्र वर्मा ने भी तस्वीरों की सराहना की। गौरतलब है जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जीबिशन का आयोजन होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलरी में किया जा रहा है। आयोजन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि तस्वीरों से शहर की विरासत, मॉन्यूमेंट, वॉल सिटी, मंदिर, कल्चर आदि को दर्शाया जा रहा है।

## JKK में हुआ ब्लू स्ट्रीट का आयोजन

# बच्चा जितनी ज्यादा मेहनत करेगा उसका जीवन उतना अच्छा होगा



बेधड़क | जयपुर

स्कूल में जो बच्चा जितनी मेहनत करेगा, उसका जीवन उतना ही अच्छा होगा। किताब और न्यूज पेपर पढ़ने की बच्चों को आदत डालनी चाहिए। साथ ही बच्चों को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह भी पढ़ाई के साथ भविष्य के लिए बहुत जरूरी है।

यह विचार जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बच्चों को विश्व बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए रखे। मौका था डिजिटल बाल मेला और यूनिसेफ की ओर से जवाहर कला केंद्र में ब्लू स्ट्रीट के आयोजन का, जिसमें उनहोंने जीवन में सक्सेस होने के टिप्स दिए।

एलआईसी पूर्व चेयरमैन हेमंत भार्गव ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें आगे बढ़कर हर तरह की एक्टिविटी में हिस्सा लेना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। यूनिसेफ की राजस्थान चीफ इसाबेल बार्डेम और अंकुश सिंह ने बच्चों की ओर से तैयार किए गए न्यूज लेटर 'द इन्स्पायर' लॉन्च किया। इस दौरान ब्लू स्ट्रीट में 'इक्वली सेंसिटिव राजस्थान' अभियान के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम की थीम चाइल्ड राइट कन्वेंशन के 4 प्रमुख स्तंभ थे। फ्यूचर सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जाह्नवी शर्मा ने बताया कि इस मौके पर सेलिब्रिटी शेफ तेजस्वी चंदेला, मुआय थाई खिलाड़ी अनुष्का सिंह मौजूद रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के करीब एक हजार बच्चों ने हिस्सा लिया।

## वंश वालिया ने अपने नाम किया मिस्टर राजस्थान का खिताब



**जयपुर।** ट्रेड फेयर रिसोर्ट में इन्फिनिटी टेकओवर्स की ओर से रॉयल बैटल ऑफ राजस्थान की थीम पर आयोजित मेल कैटेगरी के पेजेंट मिस्टर राजस्थान-2023 सीजन-2 के ग्रैंड फिनाले में जयपुर के अंश वालिया ने विनिंग टाइटल अपने नाम किया तो वहीं अभिषेक चौधरी फर्स्ट रनरअप और जोधपुर के सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ सैकंड रनरअप रहे। आयोजक अनूप चौधरी ने बताया कि पेजेंट विनर्स को प्रिंट शूट्स, रनवे शोज, वेबसीरीज और म्यूजिक वीडियो एल्बम में मौका दिया जाएगा। डिजाइनर आउटफिट काशव बंसल का तो मेकओवर अमिता मकाना का रहा। ग्रैंड फिनाले में मिस्टर राजस्थान-2022 सूर्या राज सिंह, एलीट मिस राजस्थान-2023 पीहू चौधरी, फैशन स्टाइलिस्ट अमिता मकाना और फिटनेस मॉडल रोहित सैन जूरी मेंबर्स थे।

## गोल्फ लीग की ट्रॉफी लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) कॉर्पोरेट गोल्फ लीग-2023-24 की ट्रॉफी लॉन्च रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में हुआ। इस अवसर पर आरजीसी के कैप्टन और लीग चेयरमैन शिरिष सचेती, महाप्रबंधक और जोनल हैड जयपुर जोन बीओबी एच टी सोलंकी और मानद सचिव आरजीसी हेम सिंह खंगारोत उपस्थित रहे। सचेती ने बताया कि रामबाग गोल्फ क्लब की 10वीं व बीओबी की थर्ड लीग है। लीग में 41 टीमें भाग लेंगी। हर टीम में 8 खिलाड़ी होंगे। 41 टीमों को लकी ड्रॉ के जरिए 4 ग्रुप्स ए, बी, सी व डी में रखा गया है। शुरुआत में 11 सप्ताह तक सभी टीम्स अपने-अपने ग्रुप्स में राउंड रॉबिन लीग मैचेज खेलेंगे। इसके बाद चारों ग्रुप्स की टॉप 4 टीम्स एलीट डिवीजन में जाएंगी और उसकी 4 अगली टीमें प्लेट डिवीजन में जाएंगी और नॉक आउट मैचेज खेलेंगी।

## पंगत में जीमी अन्नकूट प्रसादी



**बेधड़क. जयपुर।** श्री सुमंगल सेवा संस्थान के तत्वाधान में मंदिर श्रीमंगलेश्वर महादेव जी भृगु नगर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता एवं स्थानीय पार्षद विजेन्द्र सैनी, बैराठी, राजेश कर्नल, अशोक, संस्थापक सदस्य ललित सिद्ध एवं कोलोनिवासी उपस्थित रहे। भक्तों ने कुर्सी टेबल पर बैठ प्रसादी का आनंद लिया। बाबा भोलेनाथ का विभिन्न प्रकार के अन्न से शृंगार श्यामदास झालानी द्वारा किया गया।

**धरती धोरां री** | **लोक संस्कृति महोत्सव में तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया परफॉर्म**

# कालबेलिया नृत्य में संस्कृति दर्शन संग बिखरे होली के रंग

बेधड़क | जयपुर

लोक कलाकारों के बहुचर्चित कालबेलिया नृत्य गीत 'काल्यो कूद पड़्यो मेला में..' की धुन छेड़ने के साथ ही गुलाबो रबड़ की गुड़िया की तरह बलखाली झूमने लगी। नृत्य की खास बात रही, कि इसमें गुलाबो की 3 पीढ़ियां उनकी तीन बेटियों और पोतियों ने भी उनके साथ ताल मिलाई।

दादी बनने के बाद भी गुलाबो के नृत्य की शोखी और उनके बल खाने का अंदाज देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए। मौका था 7 दिवसीय लोक संस्कृति महोत्सव 'धरती धोरां री'में राजस्थान के प्रिसद् फोक डांस की प्रस्तुति का। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम के मंच पद्मश्री गुलाबो और उनके साथी टीम ने परफॉर्म कर संस्कृति के रंग बिखेरे।

इस मौके पर गुलाबो और उनके साथी कलाकारों ने राजस्थानी बीटड़ी और मयूर नृत्य भी प्रस्तुत किया। इनफोसिस और भारतीय विद्याभवन की ओर से आयोजित किए जा रहे समारोह के दिन की शुरुआत रत्न व्यवसायी कमल कोठारी और वरिष्ठ चित्रकार गोपाल भारती ने की।



**गूंजे होली के गीत**

श्याम सुन्दर सैनी फतेहपुर वाले और उनके साथी कलाकारों की ढप और चंग की लय-ताल पर होली के सलौने गीतों की मस्ती हुई। श्याम सुन्दर की ये प्रस्तुति होली की विशुद्ध गायन परंपरा पर आधारित थी, जिसमें साथी कलाकारों ने ढप और चंग के साथ 'चांद चढ्यो गिगनार' सहित होली के अनेक पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए।

### अभिलाषा और रुक्मणी ने किया लाइव डेमोंस्ट्रेशन

इससे पूर्व दिन में जानी-मानी चित्रकार अभिलाषा ललित भारतीय ने पोर्ट्रेट कला और रूक्मणी गोयल ने टाई एंड डाई आर्ट का लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया और स्टूडेंट्स को इन विधाओं की जानकारी दी। अभिलाषा भारतीय ने इस मौके पर कई वीरांगनाओं के पोट्रेट बनाए, जबकि रुक्मणी ने टाई एंड डाई के ठप्पे से स्टूडेंट्स की रुमाल को रंगीन बना दिया। सैकड़ों बच्चों ने अपने रूमालों को कलात्मक डिजाइनों से खूबसूरत बनवाया। उधर, अभिलाषा ललित भारतीय की कला का भी अलग ही अंदाज था। उन्होंने नाटक राजपूताना के कथानक में शामिल 4 राजस्थानी वीरांगनाओं मीरा, हाड़ी रानी, पद्मिनी और पन्नाधाय को एक ही कैनवास पर चित्रित कर वीर रस से सराबोर कर दिया।



हार तो क्षणिक है, हौसला निरंतर रहना चाहिए।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### हूती विद्रोहियों ने भारत जा रहे इजराइली जहाज को कब्जे में लिया

# अब समुद्री मोर्चे पर युद्ध का अंदेशा!



## चालक दल के 25 सदस्यों को बनाया बंधक

**एजेंसी** | यरुशलम

यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल से संबंधित और भारत जा रहे एक मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया और जहाज पर सवार चालक दल के 25 सदस्यों को बंधक बना लिया है। इस घटना से इजराइल-हमास युद्ध को लेकर क्षेत्रीय तनाव और बढ़ने की आशंका है तथा इससे समुद्री मोर्चे पर युद्ध छिड़ने का अंदेशा है।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने इजराइल से जुड़े होने के कारण जहाज को कब्जे में लिया और वह गाजा के हमास शासकों के खिलाफ इजराइल के अभियान के खात्मे तक अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में इजराइलियों से जुड़े या उनके स्वामित्व वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। हूतियों ने कहा कि इजराइल या उससे जुड़े सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। हूतियों के मुख्य वार्ताकार और प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने बाद में एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इजराइली केवल 'बल की भाषा' समझते हैं।उन्होंने कहा कि इजराइली जहाज को कब्जा में लेना एक व्यावहारिक कदम है जो अंजाम की परवाह किए बिना समुद्री युद्ध छेड़ने में यमनी सशस्त्र बलों की गंभीरता को साबित करता है। उन्होंने कहा, यह तो शुरुआत है।

### गाजा के संकटग्रस्त शिफा अस्पताल से निकाले गए बच्चे पहुंचे मिस्र

**खान यूनिस।** गाजा के संकटग्रस्त शिफा अस्पताल से निकाले गए बच्चे मिस्र पहुंच गए हैं। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट बचाव सेवा ने कहा कि वह समय से पहले जन्मे 28 बच्चों को सोमवार को दक्षिणी गाजा के एक अस्पताल से सीमा पार मिस्र के दूसरे अस्पताल ले कर गई। मिस्र के अल-काहिरा सेटेलाइट चैनल ने एंबुलेंस के अंदर बच्चों की तस्वीरें प्रसारित कीं। उसने हालांकि यह नहीं बताया कि कितने बच्चे आए थे। सप्ताहांत में शिफा अस्पताल से 31 बच्चों को निकाला गया था।

### गाजा में छिड़ी भीषण जंग

उत्तरी गाजा में उस अस्पताल के आसपास सोमवार को भारी लड़ाई शुरू हो गई जहां हजारों मरीज और विस्थापित लोगों ने हफ्तों से शरण ले रखी है। इजराइली सुरक्षा बलों का ध्यान अस्पताल को खाली कराने पर केंद्रित है। हमास के आतंकवादी सुरक्षा ढाल के तौर पर इस अस्पताल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इंडोनेशियाई अस्पताल की ओर सुरक्षा बलों के बढ़ने से एक दिन पहले डब्ल्यूएचओ ने गाजा शहर में शिफा अस्पताल से समय पूर्व पैदा हुए 31 शिशुओं को बाहर निकाला। इजराइली सुरक्षा बलों के परिसर में प्रवेश करने के बाद अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार या घायल 250 मरीज मौजूद हैं।

### बीजिंग पहुंचे चार अरब देशों और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री

# गाजा में युद्ध समाप्ति के लिए चीन में वार्ता

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने सोमवार को बीजिंग में चार अरब देशों और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनका देश जितनी जल्दी हो सके गाजा में युद्ध को समाप्त करने के लिए अरब और इस्लामी दुनिया में अपने भाइयों और बहनों के साथ काम करेगा। सऊदी अरब, मिस्र, जॉर्डन, फलस्तीनी प्राधिकरण और इंडोनेशिया के मंत्रियों ने विभिन्न देशों की आगामी यात्रा के तहत बीजिंग से दौरे की शुरुआत करने का फैसला किया, जो चीन के बढ़ते भू-राजनीतिक प्रभाव और फलस्तीनियों के लिए उसके दीर्घकालिक समर्थन को दिखाता है। वांग यी ने दौरे पर आए विदेश मंत्रियों से कहा कि बीजिंग से यात्रा की शुरुआत करने का उनका निर्णय चीन के प्रति उनके उच्च स्तर के विश्वास को दर्शाता है।



### अरब और इस्लामी देशों का एक अच्छा दोस्त चीन: वांग

वांग ने वार्ता से पहले अतिथि गृह में प्रारंभिक टिप्पणी में कहा कि चीन अरब और इस्लामी देशों का एक अच्छा दोस्त और भाई है। हमने हमेशा अरब (और) इस्लामी देशों के वैध अधिकारों और हितों की दृढ़ता से रक्षा की है और हमेशा फलस्तीनी लोगों का दृढ़ता से समर्थन किया है। चीन लंबे समय से फिलिस्तीनियों का समर्थन करता रहा है और कब्जे वाले क्षेत्रों में बस्तियों को लेकर इजराइल की निंदा करता रहा है। चीन ने सात अक्टूबर को हमास के हमले की आलोचना नहीं की है जबकि अमेरिका और अन्य देशों ने इसे आतंकवादी कृत्य कहा है। हालांकि, चीन के इजराइल के साथ आर्थिक संबंध बढ़ रहे हैं। सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने तत्काल संघर्ष विराम और गाजा पट्टी में मानवीय सहायता तथा राहत पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभी भी हमारे सामने खतरनाक घटनाक्रम हो रहे हैं और मानवीय संकट है जिससे निपटने और इसका मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय एकजुटता की आवश्यकता है।

## अमेरिका के रक्षा मंत्री अचानक पहुंचे यूक्रेन

**वाशिंगटन।** यूक्रेन में धन और हथियारों के आपूर्ति बनाए रखने के लिए एक हाई-प्रोफाइल प्रयास के तहत अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को अचानक यूक्रेन की यात्रा की। हालांकि, इजराइल-हमास संघर्ष से उत्पन्न नए वैश्विक जोखिमों के कारण अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय संसाधन प्रभावित हुए हैं। पोलैंड से ट्रेन के जरिए कीव पहुंचे ऑस्टिन का यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने और देश की तत्काल सैन्य जरूरतों को लेकर सार्वजनिक रूप से जोर देने का कार्यक्रम है क्योंकि रूस-यूक्रेन के मध्य लड़ाई जारी है और भीषण सर्दी आने वाली है। ऑस्टिन की कीव की दूसरी यात्रा है, लेकिन इस बार की यात्रा वह बहुत अलग परिस्थितियों में कर रहे हैं। ऑस्टिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि आज एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए यहां आया हूं। अमेरिका रूस की आक्रामकता के खिलाफ आजादी की लड़ाई में यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा। यूक्रेन को अब तक अमेरिका से 44 अरब अमेरिकी डॉलर और अन्य सहयोगियों से 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियार मिले हैं।

### जासूसी उपग्रह प्रक्षेपित करने से किया मना

# द. कोरिया ने किम को दिया अल्टीमेटम

**एजेंसी** | सियोल

दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया को उसकी जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण योजना पर आगे न बढ़ने की चेतावनी दी और सोमवार को कहा कि सियोल एक अंतर-कोरियाई शांति समझौते को निलंबित कर सकता है तथा प्रक्षेपण के जबाव में फिर से अग्रिम क्षेत्रों में हवाई निगरानी शुरू कर सकता है।

उत्तर कोरिया इस साल की शुरुआत में एक सैन्य जासूसी उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के अपने पहले दो प्रयासों में विफल हो गया और अक्टूबर में उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने का तीसरा प्रयास नहीं किया।

दक्षिण कोरिया के अधिकारियों ने कहा कि उत्तर कोरिया उपग्रह प्रक्षेपित करने में संभवतः इसलिए देर कर रहा है क्योंकि उसे रूसी तकनीकी सहायता मिल रही है और वह आने वाले कुछ दिनों में प्रक्षेपण कर सकता है। दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी कांग होपिल ने उत्तर कोरिया से उसके तीसरे प्रक्षेपण प्रयास को तुरंत रद्द करने की अपील की।



### हमारी सेना लोगों के जीवन और उनकी सुरक्षा के लिए उठाएगी आवश्यक कदम: कांग

दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी कांग होपिल ने कहा कि यदि उत्तर कोरिया हमारी चेतावनी के बावजूद सैन्य जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण प्रक्षेपित करता है तो हमारी सेना लोगों के जीवन और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री शिन वॉनसिक ने सार्वजनिक प्रसारक 'केबीएस' के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि प्रक्षेपण इस महीने के अंत में होने की उम्मीद है और दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी अधिकारी उत्तर कोरिया की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उत्तर कोरिया द्वारा किसी भी उपग्रह प्रक्षेपण पर प्रतिबंध लगाती है क्योंकि वह इसे उसकी मिसाइल प्रौद्योगिकी का परीक्षण मानती है। कांग ने कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया की निगरानी में सुधार के लिए एक जासूसी उपग्रह की जरूरत है, लेकिन इसके प्रक्षेपण का उद्देश्य उसके लंबी दूरी के मिसाइल कार्यक्रम को बढ़ावा देना भी है।

# 50 फुट का टावर गिरने से पांच की मौत

**एजेंसी** | मैक्सिको सिटी

मध्य मैक्सिको में एक सड़क परियोजना से जुड़े निर्माण के दौरान 50 फुट ऊंचे मचान (स्कैफोल्डिंग टॉवर) के गिरने से पांच श्रमिकों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

मजदूर राजमार्ग के दोनों तरफ बनने वाली सुरक्षा दीवार के बीच सीमेंट डालने का काम कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान 'स्कैफोल्डिंग टावर' गिर पड़ा और लोहा तथा धातु तथा गीले सीमेंट में फंसकर श्रमिकों की मौत हो गई।



परिवहन विभाग ने बताया कि दुर्घटना केंद्रीय राज्य हिडाल्गो में हुई और घटनास्थल पर मौजूद सभी कर्मियों को मलबे से निकाल लिया गया है। यह निर्माण कार्य एक निजी ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl